कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 320, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 16 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# श्रद्धा हत्याकांड: जंगल से मिली हड्डियां श्रद्धा की हैं

## डीएनए मिलान श्रद्धा के पिता के डीएनए से कराया गया था

**नई दिल्ली:** बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपित आफताब की निशानदेही पर पुलिस ने जो हड्डियां बरामद की थीं वो श्रद्धा की ही हैं। पुलिस ने गुरुग्राम और महरौली के जंगलों से जो हड्डियां बरामद की थीं उनका डीएनए मिलान श्रद्धा के पिता के डीएनए से कराया गया था। अब ये साफ हुआ है कि वो हड्डियां श्रद्धा की ही थीं। आफताब के कबूलनामे के मुताबिक उसने हत्या करने के बाद श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े कर के उन्हें दिल्ली के महरौली इलाके के जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने जब तलाशी की तो कई टुकड़े बरामद किए गए। इन टुकड़ों को पुलिस ने जांच के लिए सीएफएसएल भेजा था। श्रद्धा हत्याकांड के आरोप में जब से उसका बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला पकड़ा गया था तब से ही रोजाना इस मामले में लगातार कई खुलासे हो रहे थे। जिस तरह की जानकारी आफताब रोजाना दे रहा था, उससे पुलिस को भी संदेह हुआ कि वो उन्हें बरगला रहा है। इसके बाद पुलिस ने आफताब के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की मांग की, जिसकी दिल्ली हाई कोर्ट ने इजाजत दे दी। इसी के साथ-साथ पुलिस हिरासत में आफताब से हो रही पूछताछ के आधार पर भी पुलिस लगातार जांच कर रही थी। इसी दौरान आफताब ने श्रद्धा के शव के टुकड़े कर महरौली के जंगल में



फेंकने की बात कही थी। ये बात आफताब ने नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट में भी दोहराई थी। पुलिस ने आफताब की बताई जगहों से हड्डियां बरामद भी कीं। हालांकि ये हड्डियां श्रद्धा की ही हैं, ये जानने के लिए पुलिस ने श्रद्धा के पिता के डीएनए से इसका मिलान करवाया। डीएनए जांच में अब खुलासा हुआ है कि वो हड्डियां श्रद्धा की ही हैं। महाराष्ट्र के वसई की रहने वाली वालकर की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने इस साल मई में दिल्ली में कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उसने श्रद्धा वालकर के शव के 35 टुकड़े किए थे, जिन्हें दिल्ली शहर के अलग-अलग हिस्सों में ठिकाने लगाने से पहले तीन हफ्ते तक महरौली स्थित अपने आवास पर फ्रिज में रखा था। फिलहाल आफताब न्यायिक हिरासत में है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम इस चर्चित हत्याकांड की जांच में जुटी हुई है।

## झड़प वाली जगह से चाइनीज स्लीपिंग बैग मिले, एलएसी पर 2 दिन उड़ान भरेंगे राफेल-सुखोई


# तवांग में सामान छोड़कर भागे थे चीनी सैनिक

**तवांग:** अरुणाचल के तवांग में झड़प के बाद चीनी सैनिकों भागे तो वे अपना कई सामान छोड़ गए। भारतीय सैनिकों ने झड़प वाली जगह से स्लीपिंग बैग और अन्य उपकरण बरामद किए। इसकी फोटो भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो स्लीपिंग बैग मिले हैं, वे ठंडे तापमान में खुले इलाकों में रहने में मदद करते हैं। तवांग के यांग्त्से में 9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिकों ने जैसे ही टेम्परेरी वॉल पर लगी तारबंदी को तोड़कर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की, मुस्तैद भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें खदेड़ दिया था।

**लड़ाकू विमान ने 3 बार चीनी ड्रोन घुसपैठ रोकी:** तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद आईएएफ ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किए थे।

**पिछले साल भी 200 चीनी सैनिकों ने की थी घुसपैठ की कोशिश:** पिछले साल इसी क्षेत्र में 200 चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। तब भी भारतीय सैनिकों ने इसे नाकाम कर दिया था। तब पेट्रोलिंग के दौरान सीमा विवाद को लेकर दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने हो गए थे और कुछ घंटों तक यह सिलसिला चला था। हालांकि इसमें भारतीय जवानों को कोई नुकसान नहीं हुआ और प्रोटोकॉल के मुताबिक बातचीत से विवाद सुलझा लिया गया।

**गलवान में हुई थी झड़प, हमारे 20 शहीद, चीन के 38 मारे:** 15 जून 2020 को लद्दाख के गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच झड़प





में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जबकि चीन के 38 सैनिक मारे गए थे। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी ने 4 सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी।

**तवांग इलाके में वायु सेना के लड़ाकू विमान गरजे**

**तवांग:** अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में चीन सीमा के पास गुरुवार से भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनाई दी। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 9 दिसंबर को हुई झड़प से बने तनावपूर्ण माहौल के बीच सुखोई-30 और राफेल जैसे फाइटर जेट उड़ान भरकर चीन को चुनौती दे रहे। पूर्वोत्तर में चीन सीमा के पास वायु सेना का यह युद्धाभ्यास 48 घंटे तक चलेगा। पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में एलएसी पर चीन पिछले कुछ महीनों से आक्रामक रुख अपना रहा है। इसी माह की शुरूआत में कई बार चीन के ड्रोन्स ने भारतीय क्षेत्र की ओर उड़ान भरने की कोशिश की है। इसी के चलते भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों को चीन की हवाई घुसपैठ नाकाम करने के लिए हाल के हफ्तों में 2-3 बार उड़ान भरनी पड़ी है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में इस महीने की शुरूआत से चल रहे तनाव भरे माहौल के बीच 9 दिसंबर को भारत और चीनी सैनिकों के बीच हाथापाई भी इसी का नतीजा है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के बाद से माहौल और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया है। इस बीच गुरुवार से पूर्वोत्तर में चीन सीमा के पास भारतीय वायु सेना ने शक्ति प्रदर्शन शुरू किया है। इस युद्धाभ्यास में भारत के लड़ाकू विमान सुखोई-30 और राफेल जैसे फाइटर जेट आसमान में गरज रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में वायु सेना के लगभग सभी फ्रंटलाइन फाइटर जेट भी शामिल हो रहे हैं। इस युद्धाभ्यास का मकसद पूर्वी सेक्टर में अपने ऑपरेशन और क्षमताओं का परीक्षण करना है।

### युद्धाभ्यास से परखी जा रही तैयारियां

इस हवाई अभ्यास में लड़ाकू विमानों के अलावा अटैक हेलीकॉप्टर और कार्गो प्लेन भी शामिल हो रहे हैं, ताकि युद्धाभ्यास के साथ ही युद्ध की स्थिति के लिए अपनी तैयारियों को भी परखा जा सके। तेजपुर, छाबुआ, जोरहाट और हाशिमारा एयरबेस के सभी संसाधन इस युद्धाभ्यास में इस्तेमाल किए जाएंगे। वायु सेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि इस युद्ध अभ्यास की योजना भारतीय और चीनी सेनाओं के आमने-सामने आने से बहुत पहले बनाई गई थी, इसलिए इस अभ्यास का हालिया झड़प से कोई संबंध नहीं है। पूर्वी वायु कमान के नेतृत्व में यह युद्ध अभ्यास फ्रंटलाइन एयरबेस और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स में वायु सेना के चालक दल के प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें सिर्फ फाइटर जेट्स की तैयारी नहीं देखी जाएगी बल्कि कार्गो ट्रांसपोर्टेशन, आपसी कम्युनिकेशन, तेजी और समयबद्ध एक्शन की भी जांच की जाएगी। तभी पता चल सकेगा कि हम युद्ध की स्थिति में कितनी तेजी से तैयार हो पाते हैं।

# बिहार शराब कांड पर संसद में हंगामा

## जहरीली शराब से मौत पर बोले नीतीश: 'जो पिएगा, वह मरेगा'

**नई दिल्ली:** बिहार के छपरा जिले में जहरीली शराब से मौत का मुद्दा लोकसभा में भी गूंजा। भाजपा सांसदों ने नीतीश सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार सरकार सामूहिक हत्याएं करा रही है।

भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश कह रहे जो पिएगा, वो मरेगा, लेकिन वो शराब बेचने वाले लोगों को टिकट दे देते हैं। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदार नीतीश सरकार ही है। एक तरफ लोग मर रहे हैं, दूसरी ओर नीतीश कुमार विधानसभा में आपा खो रहे हैं।



**हंगामे के चलते 3 बार स्थगित हुई राज्यसभा:** संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामे से शुरू हुई। राज्यसभा को 3 बार स्थगित करना पड़ा। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भारत-चीन सीमा विवाद पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई।

**बिहार शराब कांड पर राज्यसभा में हंगामा:** बिहार शराब कांड को लेकर राज्यसभा में भाजपा सांसदों ने हंगामा किया।

## इलेक्टोरल बांड योजना: अब जनवरी में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट चुनावी चंदे के लिए इलेक्टोरल बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जनवरी के आखिरी हफ्ते में सुनवाई करेगा। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायर याचिका में कहा है कि इलेक्टोरल बांड योजना में पिछले 7 नवंबर को संशोधन कर इसकी तिथि बढ़ा दी गई। इसके पहले याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अनूप जॉर्ज चौधरी ने कहा था कि इलेक्टोरल बांड के खिलाफ दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में काफी समय से लंबित हैं।

# 'लादेन की खातिरदारी करने वाले उपदेश न दें'

**नई दिल्ली:** यूनाइटेड नेशंस में पाकिस्तान की कश्मीर पर टिप्पणी के बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी मंच पर जवाब दिया है। एस जयशंकर ने कहा कि जो देश ओसामा बिन लादेन की मेहमाननवाजी कर रहा था, जिसने अपने पड़ोसी की संसद पर हमला किया...वो यूएन जैसे शक्तिशाली मंच पर उपदेश देने के काबिल नहीं है। जयशंकर यूनाइटेड नेशंस पहुंचे, जहां सिक्योरिटी काउंसिल में भारत की अध्यक्षता में काउंटर टेररिज्म और रिफॉर्म्ड मल्टीलेटरिज्म (बहुपक्षवाद) पर दो अहम इवेंट हो रहे हैं। मल्टीलेटरिज्म पर चर्चा की अध्यक्षता यूएन में भारत की स्थायी सदस्य रुचिरा कंबोज कर रही थीं। इसी दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कश्मीर मुद्दा उठाया था।

**चुनौतियों का नॉर्मलाइजेशन स्वीकार नहीं करना चाहिए:** भारत के विदेश मंत्री ने कहा, "हम रास्तों की तलाश कर रहे हैं, तब हमें ऐसे खतरों को नॉर्मल करने की कोशिशों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। अभी तक यह सवाल नहीं उठा है कि जिस चीज को पूरी दुनिया स्वीकार नहीं कर रही, उसे न्यायोचित बताने की कोशिश क्यों हो रही है। यह क्रॉसबॉर्डर टेररिज्म, आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों पर भी लागू होता है।"

**आतंकियों को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का गलत इस्तेमाल हो रहा:** जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान, दोनों पर निशाना साधा। कहा, "स्वाभाविक तौर पर हम आज मल्टीलेटरलिज्म में सुधारों पर फोकस कर रहे हैं। हमारा अपना-अपना नजरिया हो सकता है, लेकिन एक आम राय बन रही है, कम से कम इसमें हमें ज्यादा देर नहीं करनी चाहिए। दुनिया टेररिज्म के खिलाफ संघर्ष कर रही है और ऐसे दौर में कुछ लोग आतंकी हमलों को अंजाम देनेवालों, साजिश रचने वालों को सही ठहरा रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।"

**संघर्ष और हिंसा की स्थिति में गांधी के आदर्श आज भी जरूरी:** उन्होंने कहा, "दुनिया इमरजेंसी, युद्धों और हिंसा के दौरा से गुजर रही है, संघर्ष कर रही है। शांति लाने और इसका रास्ता दिखाने के लिए महात्मा गांधी के आदर्श आज भी जरूरी हैं। यूनाइटेड नेशंस की साख महामारी, जलवायु परिवर्तन, विवादों और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर प्रभावी जवाब देने पर निर्भर है।

# सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा के दोषी को जमानत दी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषी फारुक को जमानत दे दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने फारुक को 17 साल से जेल में होने के आधार पर जमानत दी है। कोर्ट ने कहा कि बाकी दोषियों की जमानत और मुख्य अपील पर बाद में सुनवाई होगी। फारुक पर साबरमती एक्सप्रेस के जलते डिब्बे से लोगों को बाहर आने से रोकने के लिए पथराव करने का दोष साबित हुआ था। ज्ञातव्य है कि 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 बोगी में आग लगाई गई थी, जिसमें 58 लोगों की



मौत हो गई थी। साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से कारसेवकों को लेकर आ रही थी। गोधरा की इस घटना के बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2011 में 31 लोगों को दोषी करार दिया था। इनमें से 11 को फांसी की सजा और 20 को उम्रकैद की सजा हुई थी।

## लंदन हाईकोर्ट ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील की राहत देने से इनकार कर दिया

# नीरव मोदी को लाया जाएगा भारत

**लंदन:** भारत प्रत्यर्पण को लेकर भगोड़ा हीरा व्यापारी नीरव मोदी ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा। गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील की राहत देने से इनकार कर दिया। प्रत्यर्पण का आदेश भी लंदन हाईकोर्ट ने ही दिया था। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता था। अब अर्जी खारिज होने के बाद नीरव को भारत लाने की प्रक्रिया और आसान हो गई है।

**2 अपील, 2 जज और एक ही फैसला:** गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट के जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की बेंच ने नीरव को




सुप्रीम कोर्ट में अपील से रोक दिया। खास बात यह है कि इन्हीं दो जजों ने 51 साल के नीरव की पिछली याचिका पर भी सुनवाई की थी। तब नीरव ने कहा था कि वो मानसिक तौर पर बीमार है और उसे भारत के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। तब भी इन्हीं दो जजों ने उसकी याचिका खारिज करते हुए उसके प्रत्यर्पण के आदेश दिए थे।

**आगे क्या मुमकिन:** नीरव मोदी के लिए कानूनी तौर पर रास्ते करीब-करीब बंद हो चुके हैं। इसके मायने ये हुए कि वो प्रत्यर्पण के मामले को अब कम से कम ब्रिटेन की किसी अदालत में तो चुनौती नहीं दे सकता। हां, ब्रिटेन में मानवाधिकारों को लेकर कुछ पेंच फंस सकते हैं। अब ब्रिटिश सरकार (होम मिनिस्ट्री) उसके प्रत्यर्पण को रोक सकती हैं, लेकिन अगर वो ऐसा करती है तो इसे भी वहां के सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार चैलेंज कर सकती है।

## हिमाचल में स्थिति तनावपूर्ण; उत्तर भारत में होगी सीमेंट की कमी; 20 हजार परिवारों के रोजगार पर संकट

# अडानी ने एसीसी-अंबुजा सीमेंट प्लांट पर जड़ा ताला

**बिलासपुर:** हिमाचल में अडानी ने दो सीमेंट प्लांट अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए है। इससे पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में राज्य के मुख्य सचिव आरडी धीमान ने डीसी सोलन और डीसी बिलासपुर को जल्द विवाद का हल निकालने के निर्देश दिए है। मगर, अभी विवाद सुलझता नजर नहीं आ रहा है। बिलासपुर के बरमाणा में एससी और सोलन के दाड़लाघाट में अंबुजा सीमेंट प्लांट कुछ ओर दिन बंद रहे तो आने वाले दिनों में प्रदेश सहित समूचे उत्तर भारत में सीमेंट का संकट गहरा सकता है और इसकी कालाबाजारी बढ़ेगी। सीमेंट नहीं मिलने से सभी विकास कार्य ठप हो जाएंगे।



बताया जा रहा है कि अडानी समूह ने प्लांट बंद करने से कंपनी एक्ट के तहत नोटिस भी नहीं दिया। फैक्ट्री में जरूर कर्मचारियों को दफ्तर नहीं आने को लेकर जरूर नोटिस लगाए गए। मगर, सरकार के ध्यान में यह मामला नहीं लाया गया। बता दें कि दोनों प्लांट बीती शाम 5 बजे से बंद है। कंपनी ने कर्मचारियों और कामगारों को आगामी आदेशों तक दफ्तर नहीं आने के निर्देश दे रखे हैं। इससे दोनों जिलों में 20 हजार से अधिक परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट गहरा गया है।

**सीमेंट फैक्ट्री नहीं होने देंगे बंद:** मुख्य सचिव धीमान ने बताया कि कंपनी और ट्रांसपोर्टरों के बीच लंबे समय से विवाद चला हुआ है। कंपनी सीमेंट ढुलाई की भाड़ा दरें कम करना चाह रही है, जबकि ट्रांसपोर्टर किराया बढ़ाने पर अड़े हैं। .

# गैंगस्टर एक्ट: मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा

**गाजीपुर:** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह गैंगस्टर मामले में दोषी पाए गए। एमपी-एमएलए कोर्ट (गाजीपुर ) ने दोनों को 10-10 साल की सजा और पांच-पांच लाख रुपए जुर्माना लगाया है। 1996 में दर्ज गैंगस्टर मामले में 26 साल बाद कोर्ट ने गुरुवार को आरोपियों को दोषी करार दिया। इसके बाद सजा की घोषणा हुई। इस मामले में एमपी-एमएलए एडीजे कोर्ट चतुर्थ में 12 दिसंबर को गवाही पूरी हुई थी। जिरह और बहस पूरी होने के बाद फैसले के लिए गुरुवार की तिथि तय थी। फैसले को लेकर कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



मुख्तार अंसारी लंबे समय से जेल में ही बंद है। बुधवार को उसे बांदा जेल से प्रयागराज लाया गया था। जहां प्रयागराज कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उसे 10 दिन की रिमांड पर सौंप दिया। मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह पर 1991 में अवधेश राय हत्याकांड के बाद 1996 में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय तक ट्रायल नहीं होने से मामला टलता रहा। पिछले कुछ वर्षों से इस केस की सुनवाई इलाहाबाद की बेंच कर रही थी। लेकिन बाद में मुकदमा जिला सत्र न्यायायलय के एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट गाजीपुर ट्रांसफर कर दिया गया।

# बेकाबू ट्रैक्टर ने मासूम को कुचला मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर के मोहनी का पूरा गांव में गुरूवार की सुबह एक बेकाबू ट्रैक्टर ने एक 4वर्षीय मासूम को कुचल दिया । जिससे मासूम की मौत हो गई। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ पुलिस को सौंपा दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।



मोहनी का पूरा गांव निवासी तेजा पटेल 4 वर्ष पुत्र जितेंद्र पटेल गुरूवार सुबह सात बजे घर के सामने भीटा लालापुर मार्ग पर पटरी पर खड़ा था कि ईंट लादकर लालापुर की ओर जा रहे बेकाबू ट्रैक्टर ने मासूम को कुचल दिया। परिजन तत्काल मासूम को इलाज के लिए जसरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। मां अनीता दहाड़े मारकर रोने लगी। कई बार बेहोश हो गई। उधर घटना कर ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भाग चला ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन को रोक चालक को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। तेजा बोगी के एक निजी विद्यालय में केजी का छात्र था। दो भाई और एक बहन में दूसरे नंबर पर था।

## जमीनी विवाद में मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ आइमा।** जमीनी विवाद को लेकर मार पीट के दौरान एक को चोटें आयी है। पुलिस ने दो नामजद दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरा काजी निवासी राधेश्याम पुत्र सोनई का आरोप है कि उसे जमीनी विवाद को लेकर पडोसियो ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। राधेश्याम ने मऊआइमा थाने में रामबहादुर ,राजेश कुमार तथा दोनों की पत्नियां नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कस्टूडियम विभाग से आयी टीम ने शत्रु सम्पत्ति का बोर्ड लगाने का दिया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बैरहना चौराहे पर स्थित एक कई बीघों की जमीन के कुछ भाग पर कब्जा कर लिया गया था। जिसको राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस को लेकर शत्रु जमीन बता कर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। गुरुवार को कस्टूडियम विभाग और तहसील की टीम ने स्थली जांच कर शत्रु जमीन का बोर्ड लगाने की हिदायत दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला बैरहना में स्थित एक भू खंड को आमिर महमूद पुत्र अब्दुल माबूद मोहल्ला कजियाना कलां ने अपनी



समपत्ति बता कर अब्दुल रसीद पुत्र वली मोहम्मद ,नसरीन बानों पत्नी सलीम ,अंजुम आरा पत्नी गुड्डू के नाम यानि तीन लोगों को एक ही जमीन का बैनामा कर दिया था। इस जालसाजी में आमिर महमूद जेल में बंद है।परिजन फरार चल रहे हैं। विगत 6 दिसम्बर को अब्दुल रसीद द्वारा किये गए कब्जे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। गुरुवार को कस्टूडियम विभाग लखनऊ की टीम के साथ ओमप्रकाश शुक्ला , लेखपाल राजकुमार सागर ,अवनीश पांडेय , अनिल कुमार ,मोहम्मद वारिस आदि गुरुवार को स्थली जांच कर कस्टूडियम विभाग के अधिकारियों ने निर्देश दिया कि उक्त जमीन पर शुत्र की जमीन का बोर्ड लगाया जाए। फिर पाकिस्तान जा चुके अब्दुल रऊफ के सजरे की जांच एल आई यू करेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस भू खंड की कीमत लभभग दो करोड़ के करीब है। जिसके नम्बरान( 3586 ,4920 ,4922 ) हैं। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही नीलामी की कावार्ही की जाएगी। शत्रु की जमीन का बोर्ड जल्द ही लग जाएगा।

## हिन्दू संस्कार के अनुसार किया गया बंदर का अंतिम संस्कार



**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** बीमारी की हालत में एक बंदर के उपचार के बाद भी दम तोड़ देने से लोगों ने हिन्दू संस्कार रीति रवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया। बतादें कि सनरोज बीएचएस स्कूल परिसर में बीमारी के दौरान दम तोड़ दिए बंदर का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के साथ प्रधानाचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने मिलकर किया। विद्यालय परिसर में मंगलवार को एक बंदर को बीमारी अवस्था में देख प्रधानाचार्य लाल बहादुर यादव ने प्राथमिक उपचार करवाया परन्तु आराम ना मिलने पर सहसों चौराहे पर स्थित पशु चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उपचार किया परन्तु बंदर को बचाया नहीं जा सका। बंदर की मौत पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने हिन्दू रीति रिवाज से बंदर को नहलाया धुलाया तत्पश्चात कफन तथा फूल मालाओं से उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। बंदर को विद्यालय परिसर के समीप ही अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा बंदर हमारे पूर्वज तथा देवी देवताओं की श्रेणी में होते हुए हम लोगों के पूजनीय भी हैं। इसलिए हम लोगों ने श्रद्धा पूर्वक अंतिम संस्कार किया। हिन्दू रीति रिवाज से बंदर के अंतिम संस्कार सारा दिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। अंतिम संस्कार के अवसर पर शिक्षक आरपी यादव, पंकज यादव ,जोरावर सिंह, निशा सिंह ,वर्षा सिंह ,अंबालिका मिश्रा, सुरेश पाल सहित आसपास के लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### सोते समय कीमती मोबाइल चोरी मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** घर के अन्दर सो रहे युवक की कीमती मोबाइल चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बादीपुर निवासी महेश चन्द्र विश्वकर्मा पुत्र रमेश चंद्र अपनी मोबाइल रख कर रात में कमरे में सो गया। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। महेश चन्द्र ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# टौंस परिक्रमा में भाजपा नेता को मिल रहा अपार समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** यात्रा के पांचवे दिन पालपट्टी में रात में विश्राम के बाद प्रधान अमीन सिंह अपने सैकड़ो समर्थको के साथ अपने गांव की सीमा तक यात्रा पहुंचाया। कौहट पहुंचने पर प्रधान पप्पू यादव ने अपने समर्थको संग स्वागत किया, खरका पहुंचने पर प्रधान नरेंद्र निषाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अशोक पाण्डेय ने अपने समर्थको संग स्वागत किया, पौसला चौराहा तौगा पहुंचने पर भाजपा नेत्री पूजा मिश्रा , पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय तिवारी अपने समर्थको संग यात्रा का स्वागत कर रात्रि विश्राम स्थल तक पहुंचाया, गरगटा पहुंचने पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री अनुराग शुक्ल ने अपने समर्थको



संग यात्रा का अगवानी किया।यात्रा के दौरान शुक्ल ने खा कहा कि पालपट्टी गांव में स्थित टौंस तट पर स्थित हनुमान मंदिर में लंबी अवधि के कीर्तन होते रहे है।

इन कीर्तन से ग्राम वासियों में उपजी सामूहिक आस्था ही इस गांव की सामाजिक एकता का आधार बना हुआ है।हर गांव में सामाजिक एकता के लिए पालपट्टी का यह हनुमान मंदिर प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।इसी प्रकार टौंस के तट से सटा खरका गांव का खरका कोट अपने अवशेष के साथ पुरातात्विक खोजो की प्रतीक्षा कर रहे है, इस गांव व क्षेत्र के लोगो की जनश्रुति यो पर आधारित कई रोचक कहानियां है। क्या सत्य है क्या गलत है नही कहा जा सकता,लेकिन कोट के अवशेष अपने वजूद को जरूर बया करते हैं, उम्मीद करता हूं कि पुरातत्व विभाग यहा के सच को जरूर खोजेगा। यात्रा में प्रमुख रूप से शशांक शेखर पांडेय, दत्तात्रेय पांडेय, राकेश शुक्ल, उमा शंकर गांधी, वीरेंद्र शुक्ल, उग्रसेन सिंह,संतोष पाल पूर्व प्रधान, अजय सिंह,जय शंकर सिंह, हरि कांत पाण्डेय , सूर्य प्रसाद मिश्र, जय शंकर पांडेय, योगेश मिश्रा, बुद्धिमान प्रसाद सहित कई लोग रहे।

## मनुष्य सत्संग से ही अपने भावों पर नियंत्रण रख सकता हैः आचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**धनूपुर।** धनूपुर के धारूपुर गांव में भागवत कथा के पंचम दिन तक आचार्य अवनीश भाई ने भगवान के विविध अवतारों, राजा परीक्षित के जन्म, कर्म और मोक्ष की कथा, श्रीकृष्ण के द्वारका गमन आदि के बारे में बताया। कहा कि इस युग में मनुष्य सत्संग से ही अपने भावों पर नियंत्रण रख सकता है। सत्संग मिलना भी मनुष्य के लिए सौभाग्य होता है, इसलिए मनुष्य को जब भी कभी सत्संग मिले तो निश्चित ही वहां समय देना चाहिए। कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही लोगों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपने कार्य करने चाहिए, लेकिन उससे पहले ईश्वर का स्मरण बेहद जरूरी है। मुख्य यजमान श्याम कमल पांडेय ने आरती किया पंकज पांडेय, संजीव पांडेय द्वारा कथा में उपस्थित श्रोताओं में प्रसाद वितरण कराया गया। इस दौरान मनोज पांडेय, राहुल पांडेय, मनीष शुक्ला, चंद्रकांत पांडेय प्रधान चक्रसुदर्शन, अभिनव पांडेय, अशोक पांडेय आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।



## गोपाल विद्यालय के प्रवक्ता को मिली पीएचडी की उपाधि लोगों में हर्ष

### बघेलखंड में पर्यटन विकास का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर किया शोध

**अखंड भारत संदेश**



**रत्योरा/प्रयागराज।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सुनील कुमार शुक्ल को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश से पीएचडी की उपाधि मिलने पर गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षक सुनील कुमार शुक्ल गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में नागरिक शास्त्र विषय के प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से भूगोल विषय के शीर्षक बघेलखंड में पर्यटन विकास का पर्यावरण पर प्रभाव : एक भू पर्यावरणीय अध्ययन विषय पर शोध किया। बघेलखंड में पर्यटन विकास का पर्यावरण विषय पर शोध को लेकर के स्थानीय लोगों में हर्ष देखा गया। बघेलखंड के पर्यावरणीय अध्ययन विषय पर शोध को लेकर गोपाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली, विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई, आजाद बहादुर सिंह, अरुण शुक्ल, राजवेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, शारदा प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अनिल मौर्य ,महेंद्र प्रसाद मिश्र, रमेश तिवारी समेत क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है।

## गर्जना रैली को सफल बनाने के लिए पहुंचे किसानः महानारायण

### लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दे सरकार - अतुल सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**रत्योरा/प्रयागराज।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले 19 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली किसान गर्जना रैली को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जहां गांवों में किसानों से पहुंचने की अपील करते देखे जा रहे हैं, वहीं भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष प्रयागराज महानारायण सिंह ने भारी संख्या में क्षेत्रीय किसानों से पहुंचने की अपील की है। इसी प्रकार जिला मंत्री अतुल सिंह ने भी ग्राम संपर्क कर किसानों को किसान गर्जना रैली के उद्देश्यों को बताते हुए अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। किसान गर्जना रैली के माध्यम से भारतीय किसान संघ 5 सूत्रीय मांग पत्र सरकार को सौंपेगा। जिसमें लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य देने, कृषि यंत्रों व उर्वरक कीटनाशक को जीएसटी के दायरे से बाहर करने, किसान सम्मान निधि बढ़ाते हुए सभी किसान को सम्मान निधि देने, केंद्र सरकार सभी प्रकार के जीएम, बीटी व जीएम सरसो को अनुमति देने के निर्णय को वापस लेने, फसल अवशेष जलाने पर किसानों पर हो रही कार्रवाई व आर्थिक दंड को समाप्त करने समेत कई मांगे शामिल हैं।

# प्राथमिक विद्यालय का प्रधान ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** विकासखंड मांडा के सुरवां दलापुर प्राथमिक विद्यालय का ग्राम प्रधान सत्यनारायण पटेल के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक व गांव में नियुक्त सफाई कर्मचारी मौजूद मिले और बच्चे पठन-पाठन कार्य करते देखे गए। जब ग्राम प्रधान विद्यालय में पहुंचे तो इंचार्ज प्रधानाध्यापक रामगोपाल के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा था।

विद्यालय में तैनात अन्य शिक्षक भी अपने अपने कक्ष में बच्चों को पढ़ा रहे थे। सफाई कर्मचारी विद्यालय पर ही मौजूद मिला। विद्यालय की साफ-सफाई देख ग्राम प्रधान सत्यनारायण पटेल ने सफाई कर्मचारी व शिक्षकों की सराहना की। ग्राम प्रधान ने निरीक्षण के दौरान बच्चों से बात कर एमडीएम का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से मीनू के अनुसार भोजन मिलने की बात पूछा तो सभी बच्चों ने कहा कि मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन दिया जाता है दूध व फल का भी वितरण विद्यालय की ओर से कराया जाता है। इस बाबत बच्चों से खुद बयान लिया गया बच्चों ने सभी शिक्षकों को नियमित आने की बात बताई। बच्चों के भोजन को लेकर के रसोइयों से भी जानकारी ली गई तो रसोइयों ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में प्रतिदिन बनने वाली भोजन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। और मीनू के अनुसार भोजन



शिक्षक व सफाई कर्मचारी रहे मौजूद, पठन-पाठन करते मिले बच्चे।

विद्यालय में बनाया जाता है।

प्राथमिक विद्यालय सुरवां दलापुर के निरीक्षण के दौरान शौचालयों की साफ-सफाई नजीर बनकर सामने आई।

विरले ही ऐसे विद्यालय होंगे जहां शौचालयों की साफ-सफाई इस तरीके से देखी जा सकती है। विद्यालय के दिव्यांग शौचालय रहा हो अथवा अन्य शौचालय सभी शौचालय बिल्कुल स्वच्छ सुंदर दिख रहे थे। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई काबिले तारीफ थी। कई ऐसे भी विद्यालय हैं जहां शौचालयों के तरफ लोगों का जाने का मन नहीं करता है। इस विद्यालय की साफ-सफाई को देखकर यह कहा जा सकता है कि इस विद्यालय से अन्य शिक्षकों व ग्राम प्रधानों को सीख लेनी चाहिए।

## ठंड में बेजुबानों के प्रति लापरवाह बने अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** सूबे की सरकार के निर्देश पर करोड़ो रुपए की लागत से निर्मित कराये गए गौशाले स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता की भेंट चढ़ गए हैं। क्योंकि अधिकांश गौशाले केवल कागजों तक ही सीमित हैं।क्योंकि बेजुबानों को इस ठंडी में खुले आसमान के नीचे रातें काटनी पड़ रही हैं।समूचे यमुनानगर क्षेत्र में सरकार के निर्देश पर गोवंश आश्रय-स्थल बनाये गए हैं। इसके बावजूद प्रयागराज-चित्रकूट हाइवे एवं रीवा-प्रयागराज हाइवे पर पशुओं को सड़कों पर ठंड से ठिठुरते देखा जा सकता है।साथ ही वाहन से टक्कर लगने से कुछ पशु हादसे का शिकार बन जाते हैं, वहीं कुछ वाहन सवार अँधेरी रात में इन जानवरों से भी टकरा कर अपनी जान गंवा देते हैं।इतना ही नहीं, यही आवारा पशु किसानों द्वारा मेहनत कर उगाई जा रही फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से इन बेजुबानों को ठंड से आश्रय स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था कराते हुए किसानों के हित में कार्य करने की माँग क्षेत्रीय लोगों द्वारा की गई है।

## बिजली कर्मचारियों को मारने की धमकी सरायममरेज में दिया प्रार्थना पत्र

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत कटहरा विद्युत उपकेंद्र में अवर अभियंता पद पर तैनात मुकेश मौर्य क्षेत्रीय लाइनमैन उमाशंकर यादव, अभिषेक यादव, सुनील तिवारी, बिंदेश्वरी प्रसाद, लालचंद यादव के साथ सिरसा गांव में राजस्व वसूली एवं बकाये पर विद्युत लाइन विच्छेदन हेतु गये थे।उपभोक्ता अनिल भारतीय पुत्र शमी प्रसाद के परिसर में विद्युत पोल से मीटर तक आ रही मेन केबिल की जांच के दौरान विजय, राहुल, विनोद भारतीय पुत्र दशरथ भारतीय द्वारा बिजली कर्मचारियों के उपर लाठी डंडे लेकर जान से मारने की धमकी दिया एवं अभिषेक यादव का गला भी दबाने का प्रयास किया और दोबारा क्षेत्र में दिखने पर बिजली कर्मचारीयों को हांथ पैर तोड़ने की धमकी दी गई। सरायममरेज थाना में बिजली कर्मचारियों ने मुकदमा पंजीकृत करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है।







## बसपा की सभा में अय्यूब अंसारी को जीताने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा कस्बा के नाटी इमली मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बसपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की गई।

मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष पद सामान्य होने के कारण सभी जातियों को चुनाव लडने का रास्ता साफ हो गया है। बसपा के जिलाध्यक्ष टी एल जयसल ,नगर अध्यक्ष सईद चौधरी ,मंडल प्रभारी प्रवीण भारती, टी टू ,दिवाकर, शेखू राशिद आदि नेताओं ने एक सभा नगर पंचायत क्षेत्र में करके बसपा प्रत्याशी अय्यूब अंसारी को भारी मतों से जीताने की अपील की गई। तथा आए हुए लोगों को बहन मायावती के नीतियों को विस्तार से बताया गया।

# तमिल से आए किसानों का संगमनगरी में अभिनंदन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज(** काशी तमिल संगमम आयोजन के तहत 216 पर्यटकों का जत्था आज गुरुवार को संगमनगरी प्रयागराज पहुंचा। भाजपाइयों ने भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ चंदन टीका लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। सभी पर्यटकों ने गंगा स्नान किया, तदोपरांत अक्षय वट वृक्ष, बड़े हनुमान जी एवं शंकर विमान मंडपम मंदिर का दर्शन किया। स्वामीनारायण मंदिर में पहुंचकर भोजन किया। तदोपरांत चंद्रशेखर आजाद पार्क पहुंचकर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि देते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुए।

## 17 दिसंबर को प्रयागराज आएगा आखिरी जत्था

**अखंड भारत संदेश**

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि पर्यटकों का स्वागत सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा संगम घाट पर महिला मोर्चा के द्वारा स्वामीनारायण मंदिर में एवं युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के द्वारा आजाद पार्क में किया गया। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को काशी तमिल संगमम का अंतिम जत्था सांस्कृतिक पर्यटकों का जत्था प्रयागराज आएगा। इस अवसर पर सभी पर्यटकों ने मोदी सरकार, योगी सरकार के नारे भी लगाए। पर्यटकों ने कहा, मोदी जी के एक भारत श्रेष्ठ भारत कल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा और हमें पूरा विश्वास है आने वाले दिनों में तमिलनाडु में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, राजेश केसरवानी, शिखा रस्तोगी ,रीता सिंह, शोभिता श्रीवास्तव, रोहित पप्पू पांडे राजेश सिंह पटेल,प्रिया कैथवास, दुर्गेश नंदिनी, स्मृति श्रीवास्तव, डाली मौर्य, कल्पना शर्मा, क्षमा दुबे ,मीनू पांडे ,ज्ञानेश्वर शुक्ला ,गौरव गुप्ता ,चंदन शुक्ला, तीर्थ राज पांडे , अनुपमा पांडे, स्वारिका भारद्वाज, विवेक गौड़, विजय पटेल, राघवेंद्र सिंह ,चंदन भट्ट ,अजय अग्रहरि ,आशीष जायसवाल, प्रभाकर श्रीवास्तव, अनिल केसरवानी, नीतू केसरवानी, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया

# बीमारी से परेशान पूर्व प्रधान ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज के शंकरगढ़ कोठी में बृहस्पतिवार की सुबह पूर्व प्रधान ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। दूसरे कमरों में मौजूद घर वालों ने गोली की आवाज सुनी तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। रिवॉल्वर को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। मूल रूप से औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर इलाके के रहने वाले संतोष कुमार सिंह (71) ने मुट्ठीगंज कटघर स्थित शंकरगढ़ कोठी में भी मकान बनाया था। वह पिछले कई सालों से मुट्ठीगंज में ही बेटे शरद और परिवार वालों के साथ रह रहे थे। संतोष रामपुर गांव के पूर्व प्रधान भी रह चुके थे। परिवार वालों के मुताबिक संतोष पिछले कई सालों से बीमार चल रहे थे। उनका ऑपरेशन भी हो चुका था। वह अक्सर दर्द से बेहाल रहते थे। बृहस्पतिवार की सुबह वह अन्य दिनों की तरह उठे। उन्होंने किसी से कुछ कहा नहीं। सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। आवाज सुनकर शरद तथा उसकी पत्नी कमरे में आए तो संतोष कुमार लहूलुहान पड़े थे। बगल में ही उनकी रिवॉल्वर थी। गोली पेट में लगी थी।

# कैश बैक के नाम पर लेफ्टिनेंट कर्नल से साइबर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सेना की पवन विहार कॉलोनी में रहने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल जोसेफ एंटनी के साथ साइबर जालसाजों ने कैशबैक के नाम पर ठगी की। उन्होंने कर्नलगंज थाने में दो लोगों के खिलाफ बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी क्राइम के आदेश पर साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। लेफ्टिनेंट कर्नल जोसेफ एंटनी की पत्नी के मोबाइल पर अर्जुन सिंह नाम के शख्स का फोन आया। उसने बताया कि वह एजियो कंपनी से बोल रहा है। उनकी हाल की खरीदारी को देखते हुए कंपनी ने कैश बैक का ऑफर दिया है। यह आफर लैपटॉप, मोबाइल और 43 इंच की टीवी पर है। इसके बाद उन्होंने व्हाट्सएप पर एक वेलकम नोट भेजा और बताया कि यह वास्तविक ऑफर है। आजकल फ्राड बहुत हो रहा है। इसलिए कंपनी अब सीधे ग्राहकों को फोन कर रही है। उन्हें सीधे डीलर को भुगतान करना होगा। इसके बाद उनके खाते में 50 फीसदी कैश बैक हो जाएगा।

लेफ्टिनेंट कर्नल ने रुपये ट्रांसफर कर दिए। फिर फोन आया कि 12 हजार रुपये जीएसटी का भुगतान करें तभी आदेश जारी किया जाएगा। इसके बाद बहस भी हुई लेकिन जालसाज अड़ा रहा कि 12 हजार जीएसटी देंगे तभी उन्हें 23998 का कैशबैक मिलेगा। इसके बाद उन्होंने 12 हजार रुपये का और भुगतान किया। इसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल को फिर फोन कर कहा गया कि उनके फोन पे खाते में कम से कम 30 हजार रुपये होने चाहिए तभी प्रोसेसिंग होगी। लेफ्टिनेंट कर्नल एंटनी समझ गए कि वह ठगी का शिकार हो गए। उन्होंने एसपी क्राइम से मुलाकात कर तहरीर दी। कर्नलगंज थाने में दो लोगों के खिलाफ 14 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

# विधायक पूजा पाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट

### अतीक अहमद के खिलाफ दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में गवाही नहीं देने पर जिला अदालत ने जारी किया वारंट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज की जिला अदालत ने सपा विधायक पूजा पाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने ये वारंट माफिया अतीक अहमद के खिलाफ दर्ज गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे में गवाही नहीं देने पर जारी किया है।

**सरकारी गवाह हैं विधायक पूजा पाल**

2008 में प्रयागराज के धूमनगंज में गैंगस्टर केस में अतीक अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद सरकार ने सपा विधायक पूजा पाल को अपना गवाह बनाया था। कोर्ट से बार-बार समन जारी होने के बाद भी पूजा पाल पेश नहीं हो रही थीं। इससे कोर्ट काफी नाराज थी। मजबूर होकर कोर्ट ने पूजा पाल के खिलाफ पहले जमानती वारंट जारी किया। इसके बाद भी जब वो नहीं हाजिर हुईं तो कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है।

**2005 में विधायक पति राजूपाल की दिनदहाड़े हुई थी हत्या**

पूजा पाल प्रयागराज के शहर पश्चिमी विधानसभा से विधायक रह चुकी हैं। बसपा सरकार में उनके पति राजू पाल की 25 जनवरी 2005 में हत्या कर दी गई थी। राजू पाल के शरीर में 13 गोलियां दागी गई थीं। राजूपाल अतीक अहमद की सीट कहे जाने वाले शहर पश्चिम से बसपा के टिकट पर विधायिकी जीत गया था। इसी खुन्नस में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ ने राजूपाल की हत्या करवा दी थी।बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद पर मुकदमा चला। इसी आरोप में अतीक और उसका भाई अशरफ जेल में हैं। पूजा पाल अपने पति की हत्या के बाद शहर पश्चिम से विधायक बनीं। वर्तमान में वह कौशांबी की चायल विधानसभा सीट से सपा विधायक हैं।

# एडीजी जोन और एसडीएम हड़िया के निर्देश के बावजूद आज तक नही दर्ज हुई एफआईआर

### पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी हड़िया और एसओ उतरांव पर लगाया दबंगो से मिलीभगत का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ग्रामसभा ज्वालापुर, थाना फूलपुर, निवासी अनमोल कुमार ने आरोप लगाया है कि क्षेत्राधिकारी हड़िया और एसओ उतरांव गांव के दबंगो से मिली हुई है। एडीजी जोन व उप जिलाधिकारी हड़िया के द्वारा एफआईआर के आदेश के बावजूद अभी तक भुक्तभोगी की तहरीर पर कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। प्रार्थी अनमोल का कहना है कि कृषि भूमि आराजी नंबर 285 रकबा 0.3210 हेक्टे. में से 0.1605 हेक्टे. भूमि जरिए पंजीकृत बैनामा क्रय किया था। प्रार्थी बैनामे के समय से ही अपनी क्रय की गई कृषि भूमि पर काबिज व दाखिल रहता रहा चला आ रहा है। अनमोल ने बताया कि 28 जून को दोपहर 2:00 बजे प्रार्थी द्वारा क्रय की गई आराजी वाली भूमि पर कब्जा करने की नियत से दबंग मेड़ बांधने लगे। प्रार्थी के मना करने पर विपक्षीगण प्रार्थी को लाठी और डंडों से पीटा तथा अशब्दो का प्रयोग किया। वाकया की सूचना थानाध्यक्ष उतरांव प्रयागराज को दिया तो विपक्षीगण के विरुद्ध 151 व प्रार्थी के विरुद्ध 107/116 के तहत कार्यवाही कर दिया गया। विपक्षीगण पुनः 15 सितंबर 2022 को प्रार्थी द्वारा बोई गई फसल सहित भूमि को कब्जा करने की नियत से जबरजस्ती उप जिलाधिकारी हड़िया, प्रयागराज के आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रार्थी की क्रय की गई जमीन पर मेड़बंदी करने लगे। प्रार्थी जब मना करने गया तो विपक्षीगण मिलकर प्रार्थी को मारने पीटने लगे तथा मां बहन को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और कहे कि मेरे खिलाफ कहीं भी शिकायत करोगे तो जान से मरवा देंगे की धमकी देने लगे। प्रार्थी न्याय की आस में दिनांक 23 सितंबर 2022 को एडीजी जोन प्रयागराज से मिला। एडीजी जोन ने समाधान दिवस पर पुलिस और राजस्व टीम से जांच करवा कर प्रकरण का समाधान करने का निर्देश दिया किन्तु थानाध्यक्ष उतराव व क्षेत्राधिकारी हड़िया के द्वारा बार-बार बुलाने पर भी विपक्षीगण समाधान दिवस पर नहीं आये। विपक्षीगण का कहना है कि उनकी पहुंच वर्तमान सत्तापक्ष से है, उसके खिलाफ चाहे जहां भी शिकायत करना कहीं भी सुनवाई नहीं होगी। प्रार्थी न्याय की आश लगाए दोबारा 14 अक्टूबर को एगीजी जोन प्रयागराज से गुहार लगाई। एडीजी जोन प्रयागराज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज को तथा उप जिलाधिकारी हंडिया ने दिनांक 15 दिसम्बर 2022 को एसएचओ उतरांव को विपक्षीगण के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश/ निर्देश दिया किन्तु थानाध्यक्ष उतरांव का विपक्षीगणो से सांठ गांठ होने के कारण एफआईआर दर्ज नहीं हुई।



# शांति सेवा और शौर्य का प्रतीक है नेशनल कैडेट कोरःअधाना

### ड्रिल मे मदन मोहन मालवीय रहा अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** शांति सेवा और शौर्य का प्रतीक है नेशनल कैडेट कोर।विद्यालय मे एनसीसी से जुड़कर लाखो युवा देश के निर्माण का ब्रत लेकर राष्ट्र के विकास में समय समय पर कई कार्यक्रमो मे सेवा सुरक्षा का योगदान दे रहे है।यह बाते स्थानीय मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज में संस्थापक पूर्व विधायक पंड़ित शीतलादीन द्विवेदी के जयंती पर आयोजित एनसीसी दिवस के मौके पर सामरोह के मुख्य अतिथि लेफ्टीनेंट कर्नल भगत सिंह अधाना ने कही। विशिष्ट अतिथि लोकश कुमार द्विवेदी और प्रबंधक जयन्ती द्विवेदी ने एनसीसी के बच्चो द्वारा किए गये कार्यकमो की सराहना की। परेड का निरीक्षण किया।उन्होने विद्यालय के विकास में प्रधानाचार्य और शिक्षकों की भूमिका को प्रशंसा करते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भी सराहना की। प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने अतिथियो को पुष्प गुच्छ समर्पित करते हुए स्वागत करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के महामना की यह कृति विद्यालय के बच्चो मे संकल्प के साथ शिक्षा,संस्कृति का अलख जगा रही है।अपने कृतित्व और व्यक्तित्व के आदर्शो के साथ पंडित शीतलादीन सदैव अमर रहेगें।इसके उपरान्त आयोजित समारोह मे मेजवान विद्यालय के अलावा मगला प्रसाद इंटर कालेज बामपुर,लाला रामलाल अग्रवाल इ.का.सिरसा और बृज मंगल सिह इ.का. रामपुर के एनसीसी के बच्चो ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए।मदन मोहन मालवीय. इ.का.के बच्चो ने ड्रिल मे पहला स्थान प्राप्त किया वही सास्कृतिक कार्यक्रमो मे सिरसा के बच्चे प्रथम रहे।टेबिल ड्रिल मे पूनम प्रजापति शिवानी ,शिव कुमार,आदर्श और परेड कमान्डर अमन गौतम के साथ-साथ शिवानी सिह और अजीत निषाद ने बेस्ट पा?लट का प्रदर्शन किया।आकाक्षा गिरी और अभय प्रताप सिह ने बेस्टटर्न आउट के प्रदर्शन मे अव्वल रहे। संचालन लेफ्टीनेट शिवदत्त मिश्रा ने किया। इस मौके पर 16वी बटालियन के एसएम और हवलदार शशि कुमार के अलावा संजीव तिवारी, महेंद्र कुमार तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र,सूर्यकांत त्रिपाठी,अखिलेश जायसवाल,एनसीसी आफिसर सत्येद कुमार सहित शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# इंसानियत बनी तमाशा, जंक्शन पर करंट से झुलसा व्यक्ति कई घंटे तड़पता रहा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना प्रयागराज जंक्शन पर देखने को मिली। प्लेटफॉर्म नंबर सात-आठ पर झारखंड निवासी युवक मालगाड़ी पार करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। इस घटना के बाद करीब दो घंटे तक युवक जंक्शन पर मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई आगे नहीं आया।

मौके पर मौजूद रेलवे पुलिस भी तमाशबीन बनी रही। इसके बाद युवक खुद ही किसी तरह स्ट्रेचर पर जाकर लेट गया। जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया।बृहस्पतिवार की सुबह करीब 10 बजे झारखंड का रहने वाला कन्हई लाल प्लेटफॉर्म नंबर सात-आठ पर खड़ी मालगाड़ी के डिब्बे के ऊपर से होकर पार जाने की कोशिशि कर रहा था। इसी दौरान वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिसके बाद उसके शरीर का आधा हिस्सा झुलस गया। युवक खुद ही प्लेटफॉर्म पर पहुंचा और वहीं लेट गया। सूचना पाकर आरपीएफ के जवान स्ट्रेचर के साथ मौके पर पहुंच गए, लेकिन झुलसे युवक को स्ट्रेचर पर लिटाने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। काफी करीब दो घंटे तक प्लेटफार्म पर युवक तड़पता रहा, लेकिन रेलवे पुलिस के जवान व मौजूद अन्य लोग तमाशबीन बने रहे। कोई मदद नहीं मिलती देख युवक खुद ही लुढ़कता हुआ स्ट्रेचर पर पहुंचा।



> हमें करीब 11 बजे युवक के झुलसने की सूचना मिली थी। वहीं मौके पर आरपीएफ के जवान मौजूद थे। युवक को स्वरूप रानी अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां वह खतरे से बाहर है। -
> **राजेश श्रीवास्तव, एसएसआई, जीआरपी।**

जिसके बाद उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद जीआरपी इस मामले से किनारा करने लगी। जीआरपी के अफसरों के मुताबिक, आरपीएफ के के जवान वहां पर मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए लौह पुरुष सरदार पटेल



**अखंड भारत संदेश**

सहसों। अखंड भारत के निमार्ता भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि रामचन्द्र पटेल निराला महासभा के संरक्षक की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को क्षेत्र के मंशी खुर्द गांव में आयोजित हुई। इस अवसर पर युग पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर महासभा के कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सरदार पटेल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एस पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए सरदार पटेल के जीवन आदर्शों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महेश पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अखंड भारत के निमार्ता सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए अपने विचार रखे। वहीं महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता शांति प्रकाश पटेल ने भी उपस्थित लोगों को सरदार पटेल के जीवन आदर्शों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए विखंडित समाज को अखंड समाज बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा पटेल, जिला अध्यक्ष रामसूरत पटेल, उदय भान पटेल आदि ने भी अपने अपने विचारों को व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन महासभा के जिला महासचिव गोविंद बल्लभ भाई पटेल ने किया ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजाराम रेडिया, आर के पटेल, जंग बहादुर पटेल, भास्कर पटेल, राम प्रकाश पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज माघ मेले के दौरान गंगा में छोड़ा जाए पर्याप्त पानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 14 जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले में स्नानार्थियों के लिए पर्याप्त मात्रा में गंगा में जल छोड़ने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि स्नानार्थियों को जल की कमी नहीं होनी चाहिए।

कोर्ट ने यूपी सरकार और मेला की तैयारियों से जुड़े अधिकारियों को इसके लिए विशेष मौकों पर ध्यान देने के लिए भी कहा है। यह भी निर्देश दिया कि उसके बीते आदेश के तहत गंगा में माघ मेले में पर्याप्त जल की व्यवस्था बनाए रखी जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने अधिवक्ताओं और विधि छात्रों की बनाई चार कमेटियों की सर्वे रिपोर्ट देखी। छात्रों ने संगम सहित शहर के विभिन्न इलाकों में पॉलिथीन, प्लास्टिक गिलास, प्लेट तथा अन्य चीजों के प्रयोग और फैली गंदगी की जानकारी दी। बताया कि संगम क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी और प्लास्टिक बैग फैले हुए हैं, वहां कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं है। साथ ही शहर के सभी इलाकों में कूड़ा सफाई की व्यवस्था सही नहीं है, गंदगी फैली हुई है। छात्रों ने इस मामले में अपने सुझाव भी कोर्ट केसमक्ष प्रस्तुत किए। बताया, छोटे-छोटे वेंडर्स इसका प्रयोग कर रहे हैं। कोर्ट ने विधि छात्रों की फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया और नगर निगम प्रयागराज से रिपोट्र्स पर की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी मांगी।

नगर निगम की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने बताया कि सिल्ट के सूखने के बाद ही उसका निस्तारण किया जाता है। गीले सिल्ट के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सिल्ट ढोने वाले वाहन के नीचे के हिस्से में पानी एकत्र करने की व्यवस्था कर इसका हल निकाला जा सकता है। इस पर नगर निगम के प्रर्यावरण इंजीनियर ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह इसके लिए व्यवस्था करेंगे ताकि सिल्ट सड़क पर ही न पड़ी रहे। उन्होंने कूड़े के निस्तारण पर भी पर्याप्त इंतजाम का आश्वासन दिया। कहा, मेला सहित प्रयागराज शहर में प्लास्टिक के निस्तारण की व्यवस्था के लिए उपाय किए जा रहे हैं। न्यायमित्र अरुण कुमार गुप्ता ने इस पर कोर्ट के पुराने आदेश का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा, प्रावधान के तहत प्लास्टिक बैग के प्रयोग पर रोक लगाकर उसके अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए पांच जनवरी की तिथि तय की है।

# समाजवादी पद यात्रा का शंकरगढ़ में भव्य स्वागत

### जीएसटी के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही सरकारः अभिषेक यादव

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** प्रदेश की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा निकाली जा रही समाजवादी पद यात्रा गुरुवार को यमुनापार के शंकरगढ़ में थी। यहां पहुंचने पर स्थानीय सपाइयों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। गाजीपुर जनपद से समाजवादी पद यात्रा की अगुवाई कर रहे अभिषेक यादव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा जीएसटी, महंगाई, किसानों की समस्या को कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। भारतीय संविधान की रक्षा के लिए किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी का उत्पीड़न किया जा रहा है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं। महंगाई सुरसा के मुंह की भांति बढ़ती जा रही है। इससे निकट भविष्य में राहत मिलती नहीं दिख रही है। इसी को देखते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।अभिषेक यादव ने बताया कि पिछले नौ अगस्त से लगातार चल रही देश बचाओ, देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा को आम जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गुरुवार को शंकरगढ़ पहुंची समाजवादी पदयात्रा के जरिए सपाइयों ने



विधानसभा बारा के लाइनपार, शंकरगढ़, सदर बाजार, रामभवन चौराहा, शिवराजपुर चौराहा का भ्रमण किया। इस दौरान यात्रा का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अरविंद मिश्र गुड्डा, कामद प्रताप सिंह, जीतेंद्र मिश्र, भागीरथी बिंद, पूर्व प्रमुख गुलाब कली, प्रभाष सिंह पटेल,जयराज सिंह, रामायण त्रिपाठी, महीप सिंह, अनीश खान, पंचेश्वर त्रिपाठी, रितिक त्रिपाठी, मुलायम यादव, लाल साहब यादव, संजय तोमर, शैलेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी बारा, अभयराज यादव,प्रशांत सिंह, सूरज यादव, अजय सिंह पटेल, राजकरन सिंह पटेल, दिनेश सिंह पटेल, शैलेंद्र यादव, शिवनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अरुणा सिंह पत्नी भारत सिंह निवासिनी ग्राम सोनापुर बसहारा उपरहार शंकरगढ़ प्रयागराज ने शिक्षक पात्रता की परीक्षा 2015 में उत्तीर्ण किया है। जिसका प्रमाण पत्र खो गया है। जिस किसी सज्जन को मिले वह मोबाइल नंबर 83 18 9 12 124 सूचित करने का कष्ट करें।

# मंत्री पहुंचे भाजपा कार्यालय भाजपाईयों से की नपा चुनाव की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव प्रभारी व सूबे के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से आज भाजपा के तमाम पदाधिकारी मिलकर नगर पालिका के चुनाव के सम्बन्ध में चर्चा की।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी, गोकुल नाथ श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व मंत्री अवधेश मिश्रा, पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा, विधायक राजेंद्र मौर्या, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह, वरिष्ठ नेता संतोष मिश्रा, वरूण सिंह, राघवेन्द्र शुक्ला, सुनील गोयल, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, श्याम सुंदर टाऊ, रवि गुप्ता, संजय सिंह, दिनेश सिंह दिन्नू, देश सेवक डब्बू सिंह आदि ने अपनी-अपनी बात रखी। नगर पालिका अध्यक्ष का अभी आरक्षण कोटा निर्धारित न होने का मामला साफ न होने की बात हुई। बता दें कि अभी नगर पालिका के चुनाव की तिथि निष्चित नहीं हुई है लेकिन भाजपा ने कसरत शुरू कर दी है। आज सूबे के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भाजपा के लोगों की नब्ज टटोली।



स्वास्थ्य राज्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

## परियावां पँचायत भवन पहुँचे उप निदेशक पंचायती राज

**परियावां।** उप निदेशक पंचायती राज प्रयागराज मण्डल जयदीप त्रिपाठी (डिप्टी डारेक्टर) मंगलवार की दोपहर ब्लाक कालाकांकर के परियावां पँचायत भवन पँहुचे जहाँ कालाकांकर सहायक विकास अधिकारी सन्तोष कुमार शुक्ला व परियावां ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य के साथ ग्राम पंचायत सचिवों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। उप निदेशक जयदीप त्रिपाठी ने पँचायत सचिवों के साथ पँचायत भवन परियावां में समीक्षा बैठक करते हुए दिशा निर्देश दिया जिसमें ग्राम पंचायत के उसके कार्यो व स्वछता व सर्वेक्षण के बारे में जानकारी दिया। उप निदेशक ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 में चयनित ग्राम पंचायत परियावां का निरीक्षण किया जिसमें परियावां के भिटारी में आरआरसी सेंटर निमार्णाधीन के साथ सामुदायिक शौचालय व सोख्ता गड्ढा का निरीक्षण किया कार्यो से संतुष्ट होने के बाद वापस प्रयागराज को रवाना हो गए।

# आदर्श ब्लाक के रूप में विकास योजनाओं की चमक में दिखेगा लालगंज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक मे ग्रामीण विकास से जुडी लगभग ढाई करोड की विभिन्न योजनाओं पर गुरूवार को सर्वसम्मति से मुहर लगी। ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे जल संरक्षण तथा जल निकासी के साथ प्राथमिक विद्यालयो के कायाकल्प किये जाने और पहाड़पुर स्थित आदर्श गौशाला को पर्यटन स्थली के रूप मे विकसित किये जाने का भी प्रस्ताव अनुमोदित हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने कहा कि ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतो मे संचालित हो रहे प्राथमिक विद्यालयों की चहरदीवारी के निर्माण व शौचालय आदि के जरूरी प्रबन्ध प्राथमिकता पर होगा। उन्होनें वर्षा ऋतु के समय भी जल प्रबंधन के साथ गांवो मे स्वच्छता के लिए जलनिकासी के प्रस्तावो को शीघ्र पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित कराए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होने सदस्यो के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि लालगंज को आदर्श ब्लाक के रूप में जिले का अव्वल बनाने मे पारदर्शिता व गुणवत्ता ही हमारा मापदण्ड होगा।

### ढाई करोड की योजनाओं पर लगी मुहर

बैठक मे गांव सभाओं के स्वअर्जन के लिए हॉट बाजार एवं अन्य निर्माण योजनाओं पर भी प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। पहाडपुर की आदर्श गौशाला को पर्यटन स्थली के रूप में विकसित करने के लिए शासन से धन आवंटन का सदस्यों ने विशेष प्रस्ताव अनुमोदित किया। खेल कूद के मैदान के भी विकसित करने और ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण किये जाने का भी संकल्प लिया गया। बैठक मे प्रधान रमेश बहादुर सिंह ने कई अधिकारियो की गैरहाजिरी का सवाल उठाते हुए सदन से अपेक्षित कार्रवाई की मांग रखी। बैठक मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि विनोद मिश्र, प्रधान देवेन्द्र सिंह, विमलेश सिंह, राजेन्द्र यादव, बीडीसी प्रभाकर यादव, चंदन मिश्रा, रामसजीवन तिवारी आदि ने भी विकास योजनाओं के बाबत प्रस्तावों पर सुझाव रखे।

## एक शिक्षिका के भरोसे अगई के पूरे बोधी सिंह प्राथमिक विद्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार को शिक्षा विभाग की लापरवाही इस कदर दिखी की एक प्राथमिक विद्यालय में पांच शिक्षकों की तैनाती है, लेकिन उपस्थिति सिर्फ एक शिक्षिका की ही दिखी। वही 97 दाखिल बच्चों की उपस्थिति भी दयनीय रही।

यह मामला स्थानीय विकास खंड के लखनऊ-वाराणसी एनएच पर स्थिति पूरे बोधी सिंह अगई प्राथमिक विद्यालय का है। जहां पर अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए पांच शिक्षको को तैनात किया गया है।वही रजिस्टर में 97वे छात्रों का दाखिला है। चार अध्यापकों के साथ 75 बच्चो की अनुपस्थिति रहना कहीं न कहीं से विभाग की लापरवाही को दशार्ता है। वहीं स्कूल में सिर्फ 22 बच्चे ही मौजूद थे।यह स्थिति जिम्मेदारों की लापरवाही का ही नतीजा कहा जा सकता है। इस संबंध में एबीएसए को भी नही पता था की कौन आया है और कौन अवकाश पर है। उपस्थिति शिक्षिका ने बताया कि एक आकस्मिक अवकाश पर है तो एक मातृत्व अवकाश पर वही दो विना अवकाश के ही गायब है।जब मुख्य मार्ग पर स्थिति विद्यालयों का यह हाल है तो दूर-दराज स्थिति स्कूलों का क्या हाल होगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। अब यह तो अवकाश पर कौन था कौन नहीं इसकी पुष्टि तो जांच के बाद ही हो सकती है। फिलहाल नौनिहालो के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ आखिर कब तक चलता रहेगा।

### पांच की तैनाती में चार गैरहाजिर शिक्षक, 97 छात्र में 22 उपस्थित

# एनएच की भूमि पर नगर पंचायत ने पार्क बनाकर किया अतिक्रमण

## नेशनल हाईवे की नाली पर सीट रखकर फुटपाथ भी किया अवरूद्ध, सामुदायिक शौचालय का भी हुआ है निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत ने लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग के किनारे पार्क व सामुदायिक शौचालय बनाकर उसकी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। सड़क के किनारे बनी नाली पर लोगो के बैठने की सीट को रखकर फुटपाथ को भी अवरूद्ध कर दिया है, जिससे लोगो को समस्याओं के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।वही विभाग सौंदर्यीकरण कराने में नियमो को ही भूल गया।

स्थानीय नगर पंचायत ने सौंदयीर्करण कराने में नियमों को ही भुला बैठा।वह लखनऊ-वाराणसी एनएच की भूमि पर ही पार्क को बनाकर अतिक्रमण कर लिया। यहां तक सड़क के किनारे बनी नाली पर लोगो के बैठने के लिए सीट को रखकर फुटपाथ को भी पूरी तरह से अवरूद्ध कर दिया है, जिस वजह से लोगो को समस्याओं के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

सीएचसी की बाउंड्री वॉल से बना पार्क एनएच की नाली तक अतिक्रमण कर रखा है। भीड़-भाड़ वाली जगह होने के कारण अस्पताल आने-जाने वाले तीमारदार के साथ ही अन्य लोगो को वाहन खड़ी करने के साथ ही पैदल चलने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।यही नहीं पार्क के बगल ही सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण कराया गया है। इस तरह नगर पंचायत द्वारा किए गए एनएच की भूमि पर अतिक्रमण की ओर न तो एनएच की नजर जा रही है और न ही प्रशासन की। प्रशासन की इस रवैए से नियम व कानून पर भी प्रश्नचिन्ह लगते नजर आ रहे है। क्या सरकारी विभाग व साधारण लोगो के लिए अलग-अलग कानून व्यवस्था है जो लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।



नेशनल हाईवे की नाली पर रखी गई सीट।

### यह कैसा सौंदर्यीकरण बाधित हो गया फुटपाथ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यह कैसा पटरी का सौंदर्यीकरण की फुटपाथ ही बाधित हो गया। ओपन पार्क की जगह पक्की सड़क तक रेलिंग लगाकर बंद कर दिया गया है। यही नहीं उसके बाद पत्थर की सीट लगा दी गई है। जिससे सड़क के किनारे से आने-जाने वाले पैदल राहगीरों को अब सड़क पर से ही होकर आना-जाना पड़ रहा है। जिस वजह से जाम के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई है। इस संबंध में ईओ पद्मजा मिश्रा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक पटरी का सौंदर्यीकरण कराया जा सकता है। कभी एनएच को जरूरत पड़ी भूमि की तो उस विषय पर सोचा जायेगा।

# ठंड बढ़ते ही आश्रय स्थल में निराश्रितों का आना हुआ शुरू

## नगर पालिका ने अचलपुर में 100 बेड का बनाया है आश्रय स्थल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के अचलपुर मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा बनाये गये 100 बेड के आश्रय स्थल में ठंड बढ़ते ही निराश्रितों का आना शुरू हो गया है। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह के निर्देषन में गुरुवार को नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आश्रय स्थल पहुंचकर आवष्यक दिषा निर्देष जारी करते हुए बताया कि आश्रय स्थल के संचालन, प्रबंधन एवं अनुश्रवण हेतु आश्रय ग्रह प्रबंधन समिति का गठन किया गया है जिसमें राजस्व निरीक्षक को आश्रय प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा शहर मिशन प्रबंधक इकाई डूडा, क्षेत्रीय सभासद, केयर टेकर जनहित सेवा एवं शोध संस्थान लखनऊ तथा आश्रय ग्रह में निवास करने वाले दो नामित सदस्य शामिल हैं। इस बारे में नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि ठंड में निराश्रितों के लिये आश्रय स्थल बनाया गया है।

इसमें रहने, खाने, पीने की निःषुल्क सुविधा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि गरीब, बेघर, निराश्रित लोगों को आश्रय स्थल भेजें। उन्हें रहने, खाने का उचित प्रबंध मिलेगा। बता दें कि गुरुवार को निरीक्षण में चार निराश्रित आश्रय स्थल पर पाये गये थे जबकि बुधवार की रात नौ निराश्रित आश्रय स्थल में रुके थे।



आश्रय स्थल का निरीक्षण करते सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह।

# फर्जी अभिलेख जमा करके सेना में भर्ती हुए जिले के तीन युवक

## फर्जी चरित्र प्रमाण व फर्जी अधिकारियों के हस्ताक्षर की हुई पुष्टि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** फर्जी तरीके से चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज बनवाकर जिले के तीन युवक सेना में भर्ती हो गए थे। इनका फजीर्वाड़ा तब सामने आया जब द ग्रेनेडियर रेजीमेंट सेंटर जबलपुर से प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए एक पत्र आया। तीनों युवकों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्थानीय खुफिया इकाई के फर्जी हस्ताक्षर व मुहर लगाकर अपने प्रमाण पत्र भेजे थे। पुलिस ने पूरे मामले की जांच की और अपनी रिपोर्ट भेजी है।बता दें कि लालगंज तहसील के उदयपुर थाने के पूरे बान गांव के मोनू कुमार, हैप्पी कुमार व अंकित कुमार ने द ग्रेनेडियर रेजीमेंट सेंटर जबलपुर में सेना भर्ती में शामिल हुए थे। इन्होंने जो दस्तावेज जमा किए थे, वे फर्जी थे। जांच के दौरान संदेह होने पर दस्तावेज प्रतापगढ़ भेज दिए। 6 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी का पत्र मिलने पर एएसपी पश्चिमी को पत्र भेजकर जांच की गयी। इसमें पुलिस विभाग ने स्थानीय खुफिया इकाई की भी मदद ली। जांच के बाद पता चला कि चरित्र प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज जाली थे और डीएम, एसपी, स्थानीय खुफिया इकाई के जाली हस्ताक्षर और मुहर का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि जांच में उनके फर्जी प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल की बात सही पायी गयी है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर भेजी जा चुकी है।

### एसपी ने जांच कराकर भेजी रिपोर्ट

## छुट्टा मवेशियों से किसान परेशान, राहगीरों के लिए बन रहे मुसीबत

**अखंड भारत संदेश**

**लवाना भवानीगंज, प्रतापगढ़।** कालाकांकर विकास क्षेत्र के कई गांव में छुट्टा मवेशी और गोवंश किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं। और दूसरी तरफ सड़क पर राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। क्षेत्र की कई घटनाएं सड़क हादसे इन्हें गोवंश और मवेशियों के कारण हुई है। कालाकांकर क्षेत्र के परियावां, लवाना आलापुर, नवाबगंज बाजार, एवं केरावडीह अदलाबाद के आसपास कई स्थानों पर आपको छुट्टा गोवंश नजर आएंगे कि यह किसानों की फसल को चट कर जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सड़क पर बेतरतीब खड़े होकर के राहगीरों के लिए भी मुसीबत बढ़ रहे हैं। तेज रफ्तार से जा रहे वाहनों के लिए यह जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई सड़क हादसे इन्हीं के कारण हुए हैं। आलापुर चैराहे के पास आपको लगभग 40-50 की संख्या में यह मवेशी सड़कों पर दिखाई देंगे तो आलापुर परियावां के पास भी इसी तरह मवेशी आपको दिखाई देंगे प्रशासन इस संबंध में कोई भी कदम नहीं उठा रहा है। हालांकि सरकारी स्तर पर इस ब्लॉक में न्याय पंचायत स्तर पर 4 सरकारी गौशाला का निर्माण किया गया है। जो अतौलिया, अंधरीपुर, झोकवारा, जाजूपुर यहां गौशाला बनाए गए हैं, जहां पर गोवंश को रहने व चारा पानी के लिए व्यवस्था की गई है जिस पर लाखों रुपए प्रतिमाह पानी की तरह सिर्फ कागजों पर खर्च किए जा रहे हैं।

# जिला क्षय रोग अधिकारी ने नगरीय पीएचसी पर निःक्षय दिवस का किया शुभारम्भ

## सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःक्षय दिवस का हुआ आयोजन



निःक्षय दिवस कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ करते अधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के सभी चिकित्सा इकाईयों पर निःक्षय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रथम निःक्षय दिवस का आयोजन सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (एचडब्लूसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एएनएम, आशाओं एवं सम्भावित मरीजों को क्षय रोग के लक्षण बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया एवं सम्भावित मरीजों की जांच करायी गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने सभी एएनएम एवं आशा कार्यकत्रियों को निःक्षय दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देश दिये गये एवं उनके द्वारा बताया गया कि निःक्षय दिवस प्रत्येक माह की 15 तारीख को मनाया जायेगा जिसमें टी0बी0 के सम्भावित मरीजों की अधिक से अधिक जांच हो सके और उन्हें बेहतर इलाज मिल सके। इस विशेष अभियान के अन्तर्गत ओपीडी का 10 प्रतिशत रेफरल किया जायेगा। टी0बी0 के मरीजों को सरकार की तरफ से मिलने वाली समस्त सुविधाये, जांच एवं उपचार निःशुल्क प्रदान की जायेगी एवं मरीजों को उपचारित होने तक निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत 500 रुपए प्रतिमाह उनके खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अर्बन के नोडल डा0 आर0पी0 गिरि, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वन्दना, अर्बन की चिकित्साधिकारी डा0 पारूल सक्सेना, डा0 रफी तथा एएनएम, आशा कार्यकत्रियों एवं एनटीईपी के स्टाफ कार्यक्रम में प्रतिभाग किये।

## मासूम का हत्यारोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन पर निर्दयतापूर्वक पटक कर मासूम की हत्या के आरोपी को उदयपुर पुलिस ने गुरूवार की सुबह धर दबोचा। उदयपुर एसओ विजयकांत सत्यार्थी पुलिस के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच थाना क्षेत्र के नसीरपुर चैराहे के पास हत्यारोपी अरविंद सिंह चैहान पुत्र रामसजीवन सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने हत्यारोपी को धर दबोचा। दोपहर बाद उसे जेल भेज दिया गया। बताते चले कि बीती ग्यारह दिसंबर को उदयपुर थाना के चैहान का पुरवा मजरे पूरे भगवत मे दुकान से खाने का सामान लेकर घर वापस आ रहे गांव के कमलचंद्र सिंह के पांच वर्षीय पुत्र प्रियांशू की आरोपी ने निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी थी। हत्यारोपी गांव के ही रामसजीवन सिंह के पुत्र अरविंद सिंह के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया था। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देशन मे हत्यारोपी की तलाश मे पुलिस की टीमें लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि हत्यारोपी अरविंद को जेल भेज दिया गया है। मासूम की हत्या की वीभत्स घटना को लेकर पुलिस हत्यारोपी को कडे से कडा दण्ड दिलाने के लिए अदालत में विधिक प्रयास तेज करेगी।

# बैकर्स कृषि विज्ञान केन्द्र-कृषक परिचर्चा सम्पन्न, 56 कृषकों ने किया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू अवधेशपुरम प्रतापगढ़ द्वारा नियत अन्तराल पर कृषि एवं पशुपालन के विभिन्न विषयों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण का आयोजन करता रहा है। नये व्यवसाय को प्रारम्भ करने एवं पहले से स्थापित उद्यम को व्यावसायिक तरीके से गति प्रदान करने के लिए धन की आवश्यकता पड़ती है जिसमें कृषकों को जानकारी के अभाव में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू कालाकांकर में बैकर्स-कृषि विज्ञान केन्द्र-कृषक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य कृषको की विभिन्न परियोजना प्रस्तावों में हो रही समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर श्री गोपाल झा एलडीएम प्रतापगढ़, श्री बृजेन्द्र डीडीएम नाबार्ड प्रतापगढ़, श्री भानु प्रताप प्रबन्धक क्षेत्रीय ग्रामीण बैक कुण्डा, डा0 ए0के0 श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड, डा0 अमित बरनवाल वैज्ञानिक पशु चिकित्सा, डा0 अवधेश सिंह प्रसार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं 56 कृषको ने प्रतिभाग किया। इस परिचर्चा में भानु प्रताप प्रबन्धक क्षेत्रीय ग्रामीण बैक कुण्डा ने परियोजना प्रस्तावों में बैंको का चयन, बैकों के सेवा क्षेत्र एवं लोन में कोलेटरल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। गोपाल झा एलडीएम प्रतापगढ़ ने किसी परियोजना प्रस्ताव से पूर्व एवं उसके बाद में क्या-क्या सावधानिया बरतनी चाहिए विस्तार से बताया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़ के कृषि, बागवानी, डेरीफार्मिंग, बकरी पालन, मौन पालन, मत्स्य पालन के 56 पूर्व प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें सूरज कुमार, सोमेश मौर्या, अखिलेश कुमार, बालकृष्ण, त्रिभुवन नाथ, रोशन लाल मौर्या आदि उपस्थित रहे।



बैंकर्स कृषि विज्ञान केन्द्र-कृषक परिचर्चा में मौजूद पदाधिकारीग।

## शिकायत से नाराज आरोपियों ने मां बेटे की किया पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाने में शिकायत करने से नाराज आरोपियों ने एक महिला तथा उसकी बेटी की जमकर पिटाई कर दिया पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरमा गांव की रहने वाली चंद्रावती पत्नी राम कुमार ने बताया कि पड़ोसी से उसका विवाद चल रहा है जिसके कारण उसने शिकायती पत्र थाने में दिया था। उसमें सुलह करने के लिए लगातार आरोपीगण दबाव बना रहे थे गुरुवार की शाम को आठ बजे आरोपीगण एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे और उसकी बेटी को भी जमकर मारा पीटा जिससे उसे काफी चोट आई और वह बेहोश हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपीगण वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# डंपर बोलेरो की भीषण टक्कर में दो महिलाओं की दर्दनाक मौत

## हादसे में बोलेरो चालक गंभीर घायल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** जिले के कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के लेहदरी गंगा पुल के पास बोलेरो एवं डंपर के बीच जबरदस्त भिड़ंत में बोलेरो सवार दो महिलाओं की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी है जबकि हादसे के बाद बोलेरो चालक की हालत नाजुक है डंपर चालक और खलासी वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गए है जिससे डंपर पलट गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई है ग्रामीणों ने बचाव एवं राहत कार्य शुरू करते हुए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव

### हादसे के समय डंपर चालक खलासी कूदकर हुए फरार डंपर पलटा



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल बोलेरो चालक को इलाज के लिए सीएससी में भर्ती करा दिया है।

जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के हैदर गढ़ की रहने वाली रानी कनौजिया उम्र 48 वर्ष पत्नी ओमप्रकाश एवं सुनीता सिंह उम्र 45 वर्ष बृहस्पतिवार को अपने रिश्तेदार परिजनों के साथ बोलेरो में सवार होकर चित्रकूट जा रही थी जैसे ही बोलैरो प्रतापगढ़ से कौशांबी बॉर्डर पर लेहदरी गंगा पुल के समीप पहुँची तभी सामने से आ रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई इस हादसे में बोलेरो सवार दोनों महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बोलेरो चालक सुशील सिंह उम्र 42 वर्ष पुत्र जगदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची कड़ा धाम पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल चालक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने गंभीर दशा देखते हुए घायल चालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। हादसे के बाद डंपर चालक और खलासी मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

## जनपद में रूकवाया गया बाल विवाह

**कौशाम्बी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि आज दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि करारी थाना अर्न्तगत स्थित रॉयल गार्डेन में एक नाबालिग बालिका की शादी करायी जा रही है। सूचना पर तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाईन तथा सम्बन्धित थाने की टीम मौके पर पहुॅची और आवश्यक पूॅछताछ करते हुये दोनों पक्षो के द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों को देखा गया, जिसमें बालिका की उम्र 17 वर्ष पायी गई। बाल विवाह रोकथाम टीम द्वारा दोनों पक्षों के परिजनों को हिदायत दी गई कि बालिका जब तक 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेती है तब तक आप बालिका की शादी नहीं करेंगे अन्यथा आपके विरूद्ध बाल विवाह अधिनियम अर्न्तगत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जायेंगी। इस पर दोनों पक्ष सहमत हो गये और शादी रोक दी गई।

# पुण्यतिथि पर नम आंखों से याद किए गए सरदार पटेल

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के शरीफाबाद में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 72 वी पुण्यतिथि नम आंखों से मनाई गई है इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया है उनकी पुण्यतिथि पर देश के प्रति लौह पुरुष के योगदान को याद किया गया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके आदर्श व नीतियों पर चलने का संकल्प लिया भाजपा नेता अरुण केसरवानी की अगुवाई में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर दर्जनों लोग एकत्रित हुए भाजपा नेता अरुण केसरवानी ने कहा कि देश के पहले उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री



पटेल की पुण्यतिथि मनाते कार्यकर्ता।

सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश को आगे बढ़ाया है और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम में छात्रों की आंख की जांच के लिए लगा नेत्र शिविर

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में गुरुवार को सदगुरु नेत्र चिकित्सालय,जानकीकुंड चित्रकूट द्वारा संचालित सदगुरु नेत्र जांच केंद्र भरवारी द्वारा एक विशेष नेत्र शिविर लगाया गया।नेत्र जांच के इस विशेष शिविर में 300 से ज्यादा बच्चों की आंख की जांच हुई जिसमे से लगभग 70 ऐसे बच्चे पाए गए जिनकी आंखों के विजन में कमी पाई गई।डॉक्टर ऑप्टोमिस्ट उमाकांत यादव द्वारा बताया गया कि इन सभी बच्चों को संस्था द्वारा फ्री में चस्मा उपलब्ध कराया जाएगा जिससे की इन सभी बच्चों को देखने और पढ़ाई करने में कोई भी समस्या से न गुजरना पड़े।जांच के इस विशेष शिविर में डा.ऑप्टोमिस्ट उमाकांत यादव और उनकी टीम के सदस्य पुष्पेश मौर्य और आशीष शर्मा मौजूद रहें।प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने जांच केंद्र से आए हुए डॉक्टर एवं उनके सहयोगियों का स्कूल में कैंप लगाने की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और लोगो से अपील किया है कि अगर किसी को भी आंख से जुड़ी हुई कोई समस्या हो तो भरवारी स्थित सदगुरु नेत्र जांच केंद्र भरवारी में जांच करा सकते हैं।इस अवसर पर सुधाकर सिंह अनिल मिश्र,अवधेश मिश्रा एवं सुशील श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।



छात्रों की नेत्र जांच करते चिकित्सक।



आहरण वितरण की बैठक में उपस्थित कोषाधिकारी।

## आहरण-वितरण अधिकारियों को एनपीएस के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में प्रबन्धक, केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण श्री राकेश चौहान ने जनपद के सभी आहरण वितरण अधिकारियो को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के क्रियान्वयन के तहत विभिन्न स्तरों पर-कर्मचारियों के नामिनी एवं मोबाइल नम्बर अपडेट करने प्रॉन नम्बर को एक्टिव रखने प्रॉन नम्बर आवंटन, एनपीएस से शर्तों के अधीन निकासी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया तथा आहरण वितरण अधिकारियों के जिज्ञासाओ का समाधान भी किया गया।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 123 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहनों का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के पर्यवेक्षण में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा 01 दिसम्बर 2022 को दर्ज कराये गये मुकदमा से सम्बन्धित 06 अदद फार्मा के साथ दो अभियुक्तो रामआसरे उर्फ लल्लू कबाड़ी पुत्र बाबूलाल व संतोष पुत्र छेदीलाल निवासीगण पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को ग्राम पूरब शरीरा को गिरफ्तार कर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्यवाही की गई।

# 72 वीं पुण्यतिथि पर याद किये गए सरदार बल्लभ भाई पटेल

## प्रीतम पटेल ने कहा कि आधुनिक व शशक्त भारत के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशाम्बी।** लौह पुरुष भारत रत्न आजाद भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के 72 वें परिनिर्वाण दिवस पर मनौरी में सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद समाज सेवी प्रीतम पटेल ने कहा कि आज भारत का जो नक्शा है वो सरदार पटेल की निर्भीकता निडरता और अदम्य साहस की बदौलत है।

उन्होंने कहा कि देश की 563 छोटी छोटी देशी रियासतों को एक कर आधुनिक भारत का निर्माण किया सरदार पटेल ने किया छुआ छूत और पाखण्ड व आडंबर के वह विरोधी थे इन सबका सबसे कारण अशिक्षा है जब लोग शिक्षित होंगे तो ये सब बुराइयां अपने आप खतम हो जाएगी छुआ छूत देश की तरक्की में सबसे बड़ा बाधक है सरदार पटेल जी ने देश को आर्थिक राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से मजबूत करने का काम किया।



सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उपस्थित लोग।

पटेल जी हमेशा से किसानों की समस्याओं को लेकर चिंतित रहते थे उनका मानना था कि किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य तभी मिल पायेगा जब कृषि को उद्योग का दर्जा मिले देश के विकास में सरदार पटेल जी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा उन्होंने स्वतन्त्र भारत को एक करने में दिया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप से नई दिशा दी उन्होंने कहा कि सरदार पटेल चाहते थे कि देश की सभी नदियों को आपस में जोड़ा जाय जिससे कहीं बाढ़ और सूखे का सामना न करने पड़े सरदार पटेल हमेशा से किसानों मजलूमो के अधिकारों के लिए चिंचित रहते थे और कहते थे कि देश की तरक्की को तीन चीजे बहुत जरूरी है पहला अंकुरित बीज दूसरा चलता हुआ ट्रांसपोर्ट और बहता हुआ जल वहीं वृजेश्वर सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत का नक्शा सरदार पटेल जी की वजह से है पटेल जी का व्यक्तित्व बहुत बड़ा है और उन्हें एक समाज नही बाँधा जा सकता है वे कहते थे कि प्रत्येक नागरिक को इस बात का एहसास होना चाहिए कि वह आजाद है और उसे इस आजादी की रक्षा करनी चाहिए तभी एक राष्ट्र बनाने की परिकल्पना पूरी होगी इस दौरान अरुण कुमार संदीप मिश्रा नन्द लाल विक्रम सिंह फूलचन्द्र दिवाकर दिरगज कोरी सनाउल इस्लाम जावेद आलम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ने पुराने कार्यकताओं को दिया मौका तो स्थिति होगी मजबूत

## नगर पंचायत करारी के मतदाताओं ने भाजपा से पुराने कार्यकर्ता को अध्यक्ष का टिकट दिए जाने की किया मांग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत और नगर पालिका के चुनाव की औपचारिक घोषणा करना ही बाकी रह गया है गली चौराहे से लेकर घर घर इन दिनों नगर निकाय चुनाव की चचाएं हो रही है इसी बीच जिले के करारी नगर पंचायत और भरवारी नगरपालिका को सरकार ने अनारक्षित सीट घोषित कर दी है जिससे भरवारी और करारी के चुनाव को लेकर लोगों में उत्सुकता अधिक है बीते चुनाव के अनुभव बताते हैं कि सामान्य वर्ग के लोगों के चुनाव मैदान में दावेदारी करने से चुनाव रोचक हो जाता है नगर पंचायत करारी के मतदाता पूरणमल शिव बाबू सुशील मोदनवाल मोनू वर्मा पीयूष रस्तोगी सहित दर्जनों लोगों से बात कर जब नगर पंचायत करारी के चुनाव की स्थिति की समीक्षा की गई तो लोगों ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी ने करारी नगर पंचायत से पुराने निष्ठावान कार्यकर्ता को अध्यक्ष पद का टिकट दिया तो मतदाता पुराने कार्यकर्ता का भरोसा करेगा और लंबे समय से जमे एक व्यक्ति विशेष के कब्जे से करारी नगर पंचायत मुक्त होगी नगर पंचायत के चुनाव में करारी में भाजपा का झंडा लहराएगा स्थानीय लोगों का कहना है कि निष्ठावान पुराने जुझारू कार्यकर्ता हमेशा झंडा झंडा लेकर दरी बिछाने का काम करता है लेकिन ऐन वक्त पर उन्हें चुनाव की मुख्यधारा से यदि दूर कर दिया जाएगा तो कार्यकर्ता नाराज होगा और इसका खामियाजा खाने वाले नगर पंचायत के चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ेगा नगर के लोगों का कहना है कि अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग के व्यक्ति को चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए और आरक्षित सीट पर आरक्षित वर्ग के लोगों को चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

## बच्चों के विवाद में दबंगों ने पिता पिता पुत्र को पीटा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे मे स्कूली बस में बैठने को लेकर दो बच्चों के बीच हुए विवाद में दबंगों ने पिता पुत्र की पिटाई कर दी। विवाद होता देख पहुंचे स्थानीय लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया है। जानकारी के मुताबिक सिराथू के धाता रोड निवासी मोहम्मद इसरार का बेटा मोहम्मद हसान व कूरामुरीदन गांव के जफीरुल हसन का बेटा अफान रिजवी कॉलेज करारी मे पढ़ते है और दोनो बस मे बैठकर स्कूल जाते है।एक दिन पहले हसान व अफान के बीच सीट पर बैठने को लेकर मामूली विवाद हो गया जिसके बाद अफान ने मामले की जानकारी घरवालों को दी इस पर गुरुवार की शाम स्कूल से लौटने के समय सिराथू कस्बे पहुंची बस में चढ़कर दर्जनों लोग हसन को बाहर खिंच लाये और उसकी पिटाई करने लगे जिसे देख कर उसके पिता इसरार भी मौके पहुंचे और वह बीच बचाव करने लगे जिस पर लोगो ने उनकी पिटाई शुरू कर दी विवाद होता देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया हमले के बाद बाइक सवार दर्जनों युवक फरार हो गए इसरार ने घटना की तहरीर सिराथू चौकी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट होता देख किसी ने वीडियो बना लिया है और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है।



छात्र की पिटाई करते युवक।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पर पीड़िता द्वारा अपने ऊपर गाड़ी चढ़ा देने और अभियुक्त द्वारा घर आकर बदतमीजी करने तथा जान से मारने की धमकी देने की सूचना दी गयी इस सम्बन्ध में थाना महेवाघाट पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 354 आईपीसी और 7/8 पॉक्सो एक्ट तथा 3(2)5क और 3(1) एससी/एसटी एक्ट की बढ़ोतरी करते हुये आरोपी अभियुक्त महेंद्र सिंह उर्फ खन्नू सिंह पुत्र धीरज सिंह निवादी अंधावा थाना महेवाघाट को मनकापुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# डीएम ने निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

### नियुक्त अधिकारियों को दायित्वों एवं कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त आरओ/एआरओ तथा प्रभारी अधिकारियों सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी आरओ एवं एआरओ को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आरओ हैण्डबुक को ठीक प्रकार से पढ़ने एवं गाइडलाइन के अनुसार ही दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दियें। उन्होंने आरओ एवं एआरओ को अपने-अपने नामाकन कक्षों का भ्रमण कर पायी गई कमियों को सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से दूर कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियो सहायक प्रभारी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों एवं कार्यों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हीरालाल पाल ने बताया कि जनपद मे कुल 123 मतदान केन्द्र एवं 302 मतदान स्थल बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर व नगर पंचायत-करारी व पश्चिम शरीरा के नामाकन तहसील मंझनपुर में होगा। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद भरवारी एवं नगर पंचायत-चायल, चरवा व सराय अकिल के नामाकन तहसील चायल तथा नगर पंचायत-सिराथू, अझुवा व दारानगर-कड़ाधाम के नामाकन तहसील सिराथू में होगा। उन्होंने बताया कि तहसील मंझनपुर के अन्तर्गत आने वाली नगर पालिका नगर पंचायतों की पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतगणना एमवी कान्वेन्ट स्कूल ओसा में होगा इसी प्रकार तहसील चायल के अन्तर्गत आने वाली नगर पालिका नगर पंचायतों की पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतगणना भवन्स मेहता डिग्री कॉलेज तथा तहसील सिराथू के अन्तर्गत आने वाली नगर पंचायतों की पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतगणना बाबू सिंह डिग्री कॉलेज, सयारा मे होगा।

## मतदान मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण व्यवस्था के प्रभारी बनाए गए सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी को मतदान मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रभारी तथा जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार अपर जिला मजिस्ट्रेट जयचन्द्र पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर को शान्ति व्यवस्था एवं चुनाव आदर्श संहिता का प्रभारी तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) दीपेन्द्र यादव को यातायात व्यवस्था ईंधन व्यवस्था का प्रभारी तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल एवं जिलापूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ0 बालगोविन्द श्रीवास्तव को लेखन सामग्री एवं मतदान मतगणना मतपेटिका किट व्यवस्था का प्रभारी सीबी सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कमलाकान्त मिश्र एवं संम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।



उपस्थित लोगों को संबोधित करते डीएम



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

## अधिकारियों के तय की गई जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सम्बन्धित उप जिलाधिकारी सम्बन्धित तहसीलदार, सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) को मतदाता सूची की कार्य प्रतियॉ तैयार करने का प्रभारी व सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बिजेन्द्र कुमार यादव, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद को प्रेक्षक व्यवस्था व सहायक अभियंता सौरभ चतुर्वेदी को लाइजेन ऑफिसर का प्रभारी तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। समस्त निर्वाचन अधिकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022, अति0 जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रवीन्द्र कुमार जायसवाल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री कीर्त कुमार को नामांकन पत्रों का विक्रय प्राप्ति एवं ऑनलाइन अपलोडिंग का प्रभारी तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र को चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मेडिकल किट का प्रभारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि व सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ बाल गोविन्द श्रीवास्तव को श्रमिक व्यवस्था का प्रभारी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हरवंश सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत अंकित यादव को टेन्टेज फर्नीचर बैरीकेडिंग ध्वनि विद्युत व्यवस्था का प्रभारी तथा उपखण्ड अधिकारी विद्युत मंझनपुर धीरज यादव उपखण्ड अधिकारी विद्युत सिराथू प्रभात कुमार, उपखण्ड अधिकारी विद्युत चायल अशोक कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मदन मोहन मिश्रा को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज को मतदान मतगणना कार्मिक को भत्ता वितरण उम्मीदवारों व्यय लेखों की जॉच का प्रभारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग विनय कुमार, वित एवं लेखाधिकारी कृषि प्रवीण कुमार सिंह, वित एवं लेखाधिकारी जिला विकास विमल राज को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी को भोजन एवं जलपान व्यवस्था का प्रभारी एवं सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक को सहायक प्रभारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ बाल गोविन्द श्रीवास्तव को वीडियोग्राफी/सीसीटीवी कैमरा का प्रभारी तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हरवंश सिंह, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित तहसीलदार को स्ट्रॉगरूम व्यवस्था का प्रभारी तथा सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मदन मोहन मिश्रा व सम्बन्धित अधिशाषी अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह को रूट चार्ट/बूथ निर्माण/रैम्प/छाया/विद्युत एवं आधारभूत सुविधाओं का प्रभारी तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी, सहायक अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत अंकित यादव व सम्बन्धित तहसीलदार को सहायक प्रभारी एवं प्रधानाचार्य आईटीआई एमएम शुक्ला, आईटीआई केके राम व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार को कम्प्यूटर एवं नेट कनेक्टविटी व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी व सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राजस्थान में भाजपा को लगा जोर का झटका

संपादकीय

## तवांग पर खाली-पीली शोर

**समझ** में नहीं आता कि तवांग क्षेत्र में हुई भारतीय और चीनी फौजियों की मुठभेड़ पर विपक्ष ने संसद में इतना हंगामा क्यों खड़ा कर दिया। यदि चीनी सैनिक हमारी सीमा में घुस जाते और हमारी जमीन पर कब्जा कर लेते तो यह हमारी चिंता का विषय जरुर होता लेकिन यदि इसमें भी सरकार की लापरवाही या कमजोरी होती तो विपक्ष का हंगामा जायज होता। 9 दिसंबर को घटी इस घटना की खबर ने एक सप्ताह बाद तूल पकड़ा है, यह तथ्य ही यह बताता है कि इसे लेकर संसद की कार्रवाई का बहिष्कार करना जरा ज्यादा चतुराई दिखाना है। इन दिनों सरकार को लताड़ने के लिए कांग्रेस और विपक्ष के पास कोई खास मुद्दे नहीं हैं। इसीलिए तवांग के मामले को तूल दिया जा रहा है। विपक्ष का काम सरकार को निरंतर पिन चुभाते रहना है, इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन उसे यह भी सोचना चाहिए कि चीन से पिटने की मनमानी व्याख्या का प्रचार करने से हमारे सैनिकों पर कितना बुरा असर पड़ेगा। गलवान, तवांग, लद्दाख, अरूणाचल जैसे बर्फीले इलाकों में हमारे सैनिकों ने चीनी घुसपैठियों को जिस तरह से खदेड़ा है, उसके कारण उनका उत्साहवर्द्धन करने की बजाय हमारी संसद से उल्टा संदेश जाना कहां तक उचित है? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में जो तथ्य पेश किए हैं, उनसे तो लगता है कि चीनी सैनिकों ने तवांग में घुसपैठ की जो कोशिश की थी, वह तो विफल हो ही गई है बल्कि यह भी हुआ है कि चीनी फौजी घायल हुए हैं और उनके बहुत-से हथियार छोड़कर उन्हें अपनी सीमा में भागना पड़ा है। मुठभेड़ के बाद दोनों फौजों के कमांडरों के बीच संवाद भी हुआ है और चीन सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि चीन सीमांत पर अब शांति है लेकिन हमारा विपक्ष पता नहीं क्यों अशांत है? जैसे हमारे विपक्ष को कुछ न कुछ शोर मचाने के लिए कोई न कोई बहाना चाहिए, ऐसे ही अमेरिका को कोई न कोई मुद्दा चाहिए, जिसके आधार पर भारत-चीन तनाव का अलाव जलता रहे। भारत और चीन कह रहे हैं कि तवांग पर शांति है लेकिन बाइडन-प्रशासन मुठभेड़ का राग अलाप रहा है। यही रवैया उसका ताइवान पर भी रहा है। भारत सरकार काफी बुद्धिमानी और संयम से काम ले रही है। हमें चीन का मुकाबला करने के लिए सदैव तैयार रहना है लेकिन किसी भी हालत में किसी महाशक्ति का मोहरा नहीं बनना है।

## वाइब्रेंट बॉर्डर योजना से बौखलाया चीन

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर यह एक आम बात है कि दुनिया का कोई भी दे अगर तेजी से विकास कर रहा है, एक सशक्त नेतृत्व हो रहा है, अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा है और सबसे महत्वपूर्ण बात रक्षा क्षेत्र में तेजी से नए प्रौद्योगिकी से उन्नति हो रही है तथा बॉर्डर छेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास, सेना का विकसित देशों से अभ्यास, रक्षा क्षेत्र में अधिक बजट एलोकेशन सहित कुछ महत्वपूर्ण हलचलें होती है तो स्वाभाविक रूप से दुनिया की नजरें उस देश पर आ जाती है कि आखिर किस प्रकार की मजबूत रणनीति के तहत काम किया जा रहा है? क्या यह रणनीति हमारे देश में भी लाई जा सकती है? परंतु सबसे अधिक नजरें बॉर्डर से सटे देश द्वारा उठ जाती है कि उनके लिए यह गतिविधियां कितनी नुकसान देह होगी? बस!! यहीं से तवांग की घटना का पहिया पढ़ना शुरू हुआ है ऐसा मेरा मानना है। क्योंकि पीएम महोदय ने अनेक मंचों में वाइब्रेंट बॉर्डर कार्यक्रम को तेजी से विकसित करने की बात कही है जिससे हमारे बॉर्डर क्षेत्र के गांव का विकास होगा और वह पर्यटन क्षेत्र होने से लोगों की आवाजाही बढ़ेगी। चूंकि बॉर्डर छेत्र कान और आंख होते हैं, उसके नागरिकों को पलायन से बचाया जा सकता है और तवांग सहित अनेकों बॉर्डरों के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, जिससे पड़ोसी और विस्तारवादी देश के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही है।घुसपैठ में दिक्कत खड़ी हो रही है, परिणाम स्वरूप छठिवीं बार ऐसी स्थिति बनी है ऐसा मेरा मानना है। चूंकि तवांग घटना पिछले 9 दिसंबर को हुई थी और अभी शीतकालीन संसदीय सत्र में 17 विपक्षी पार्टियों और सरकार केबीच तनातनी के चलते संसद बाधित हो रही है और टीवी चैनलों में दिखाया जा रहा है कि आज 17 विपक्षी पार्टियों ने संसद का बहिष्कार कर वकआउट किया, तो आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे,वाइब्रेंट बॉर्डर योजना से विस्तारवादी देश बौखलाया! साथियों बात अगर हम संसद के शीतकालीन सत्र में बाधा की करें तो विपक्ष एकजुट होकर तवांग मामले पर चर्चा चाहता है, परंतु सरकार का मत है कि एक बार जब केंद्रीय रक्षा मंत्री ने बयान दे दिया है तो बात स्थगित हुई, चर्चा में ऐसे कई मुद्दे उठेंगे जिसकी चर्चा सार्वजनिक नहीं कर पाएंगे जो वैश्विक पटल पर इनफेक्ट होगा, ऐसा बयान सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा आया है। जबकि विपक्ष चर्चा पर अड़ा हुआ है।इस बीच अमेरिका के पेंटागन, व्हाइट हाउस और अन्य एक से मिलाकर तीनों जगहों से बयान भारत के समर्थन में आया है, जो बहुत कमबार होता है कि तीन स्थानों से बयान आए पर आज ऐसा हुआ जो भारत के लिए सकारात्मक बात है।

साथियों बात अगर हम विस्तार वादी देश से तवांग के पूर्व की झड़पों की करें तो भारत विस्तारवादी देश सीमा के शांति के लिए कई समझौते हुए हैं, इसके बावजूद वह बार बार इसका उल्लंघन करता है।पिछले 60 सालों में यह छठवीं बार है, जब उनके सैनिकों के साथ हिंसक झड़प हुई है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों सदमे की हालत में है। पार्टी को लगातार झटके पर झटके लग रहे हैं। जिससे भाजपा कार्यकताओं का मनोबल भी टूट रहा है। राजस्थान में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और संगठन की दृष्टि से भाजपा कमजोर लग रही है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस को हराकर कैसे अपनी सरकार बनाएगी इस सवाल का जवाब किसी भाजपा नेता के पास नहीं है। प्रदेश भाजपा के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे ही चुनाव जीतने के सपने देख रहे हैं। हाल ही में राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की करारी हार से भाजपा को जोर का झटका लगा है। उपचुनाव से पूर्व झुंझुनू में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह ने दावा किया था कि पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। मगर उपचुनाव में अरुण सिंह का दावा खोखला साबित हुआ। ना तो पार्टी के नेता एकजुटता दिखा पाए और ना ही उपचुनाव जीत पाए।

सरदारशहर से. भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा ने तो प्रारंभ में प्रत्याशी बनने से ही इंकार कर दिया था। क्योंकि उनको पता था कि भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। ऐसे में उनका जीतना मुश्किल है। बड़ी मुश्किल से भाजपा नेताओं ने मान मनुहार कर अशोक पिंचा को चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया था। लेकिन चुनाव नतीजे वही रहे जिसकी अशोक पिंचा को पहले से ही आशंका थी। इतना ही नहीं 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा का हार का अंतर भी काफी अधिक बढ़ गया। भाजपा ने सरदारशहर उपचुनाव का प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बनाया था। प्रभारी के नाते मेघवाल की जिम्मेदारी थी कि पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट कर पूरी ताकत से चुनाव लड़े। मगर मेघवाल ऐसा करने में पूरी तरह विफल रहे। सरदारशहर उपचुनाव के दौरान मेघवाल ने पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी को तो भाजपा में शामिल करवा लिया। मगर पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को भाजपा में शामिल नहीं होने दिया। इससे नाराज होकर भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी लालचंद मूंड के पक्ष में वोट देने की अपील की थी। राजस्थान भाजपा में अर्जुनराम मेघवाल को अन्य दलों से भाजपा में आने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए बनाई गई छानबीन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अर्जुन राम मेघवाल व देवीसिंह भाटी दोनों ही बीकानेर जिले के हैं। दोनों में 36 का आंकड़ा है। देवी सिंह भाटी जहां सात बार विधायक व राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वही मेघवाल तीसरी बार सांसद व केंद्र सरकार में राज्यमंत्री है। पिछले विधानसभा चुनाव में कोलायत से भाटी की पुत्रवधू पूनम कंवर भाजपा टिकट पर चुनाव लड़कर हार गई थी। तब भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर भितरघात करने का आरोप लगाते हुये उनको लोकसभा प्रत्याशी बनाने का विरोध किया था। मगर पार्टी द्वारा मेघवाल को प्रत्याशी बनाने के विरोध में भाटी ने भाजपा छोड़ दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी ने गत दिनों वसुंधरा राजे के माध्यम से भाजपा में वापसी करनी चाहिए थी। इसके लिए उन्होंने बीकानेर में वसुंधरा राजे का एक बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित करवाया था। मगर अंतिम समय में मेघवाल के प्रभाव के चलते भाटी की भाजपा में घर वापसी रुक गई थी। जिससे भाटी काफी नाराज हुए थे। इस उपचुनाव के बहाने भाटी ने घर वापसी का फिर प्रयास किया था। मगर मेघवाल ने भाटी के प्रयासों पर फिर से पानी फेर दिया। यदि भाटी की घर वापसी होती तो उपचुनाव में एक अच्छा मैसेज जाता। मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल प्रारंभ से ही विवादास्पद रहे हैं। पिछले दिनों उनका पुत्र भी कई विवादों में आया था। इसी के चलते उनका पुत्र रविशेखर कांग्रेस सरकार में केबीनेट मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से जिला परिषद का चुनाव भी हार गया था। मगर केंद्रीय नेतृत्व की नजदीकी के चलते अर्जुन राम मेघवाल पार्टी में प्रभावी बने हुए हैं और चुन-चुन कर देवीसिंह भाटी की तरह अपने अन्य विरोधियों को भी ठिकाने लगा रहे हैं। अपने प्रभाव के चलते जहां मेघवाल अपनी व्यक्तिगत खुन्नस तो निकाल रहे हैं मगर इससे पार्टी संगठन को भारी नुकसान हो रहा है। इस बात से वह बेखबर नजर आ रहे हैं। सरदारशहर उपचुनाव में आपसी गुटबाजी के चलते पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चुनाव प्रचार से दूरी बनाये रखी थी। राजे के प्रचार में नहीं आने से उनके समर्थक भी उप चुनाव से दूर रहे थे। जिससे चुनाव में भाजपा का मैसेज अच्छा नहीं गया। वही कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित कई मंत्री व दर्जनों विधायक पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे रहे। फलस्वरूप सरदारशहर में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा को 26 हजार 852 वोटों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।



विविधता भरे इस देश मे सबके लिए जब आगे बढ़ने के लिए समान अवसर है तो सबके लिए समान नागरिक संहिता भी होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रवादी भावना को भी बल मिलेगा। भारत में गोवा राज्य में 1961 में ही समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई। जो पुर्तगाल शासन के समय लागू था

2018 के विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक राजस्थान में आठ सीटों पर उप चुनाव हो चुके हैं। जिनमें से तीन पर भाजपा, चार पर कांग्रेस व एक पर रालोपा का कब्जा था। मगर उपचुनाव में भाजपा मात्र एक सीट पर ही फिर से चुनाव जीत पायी। जबकि कांग्रेस छः व रालोपा एक सीट जीत गयी। अब तक हुये उपचुनावों में भाजपा को दो सीटे गवानी पड़ी है।

राजस्थान में भाजपा द्वारा इन दिनों जन आक्रोश रथ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें प्रदेश के सभी गांव में भाजपा नेता एक रथ लेकर जा रहे हैं और ग्राम वासियों से संवाद कर प्रदेश में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की कमियों को लोगों को बता रहे हैं। मगर जन आक्रोश रथ यात्रा के दौरान भी भाजपा नेताओं को बहुत से गांव में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी सांसदों ने लोगों से मिलना तक गवारा नहीं समझा। जबकि लोगों ने प्रदेश के हर सांसद को कई- कई लाख वोटों से चुनाव जिताया था। मगर चुनाव जीतने के बाद सांसद वोट देने वालों को ही भूल गए। ऐसी ही स्थिति का सामना विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को करना पड़ रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पिछले दिनों जयपुर में हुई जनसभा में भीड़ एकत्रित नहीं होने की घटना से भी केंद्रीय नेतृत्व सकते में है। चर्चा है कि नड्डा की सभा में भीड़ जुटाने में जयपुर शहर के विधायकों कलीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी व अशोक लाहोटी ने कोई रुचि नहीं ली। जिस कारण नड्डा की जयपुर सभा फेल हो गई थी। हालांकि राजस्थान कांग्रेस में गहलोत बनाम पायलट में जमकर गुटबाजी चल रही है। मगर जहां कांग्रेस में सिर्फ दो गुट है। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना अलग गुट है। ऐसे में अगले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपा के नेता कैसे चुनाव जीतेंगे इसका जवाब किसी के पास नहीं है। फिलहाल तो प्रदेश भाजपा में सब कुछ राम भरोसे ही चल रहा है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# आदिवासी का भाजपा से जुड़ना है नई राजनीतिक दिशा

**ललित गर्ग**

**इनदिनों** गुजरात में विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को लेकर चर्चा एवं समीक्षा का बाजार गमार्या हुआ है। इस ऐतिहासिक जीत में आदिवासी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आदिवासी समुदाय को कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा था, उसमें भाजपा सेंध लगाने में सफल हुई है तो इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदिवासी क्षेत्रों में हुई चुनावी-सभाएं एवं भाजपा की चुनावी रणनीति कारगर मानी जायेगी। भाजपा ने आदिवासी इलाके की 27 सीटों में से 23 सीटें कर कांग्रेस के इस गढ़ को ध्वस्त कर दिया हैं। जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी इलाके की 17 सीटें जीती थी। इस बार वह उनमें ने 3 ही बरकरार रख पाई। यह आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ने का स्पष्ट संकेत भविष्य की राजनीति को नयी दिशा एवं दृष्टि देता रहेगा।

गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज रहा, लेकिन भाजपा ने सीटों के बटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन के उन्नत बनाये। इस दृष्टि से भाजपा ने सूझबूझ एवं परिवक्व राजनीतिक कौशल का परिचय दिया। इन चुनावों में आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा थी लेकिन उम्मीदवार न बनकर वे एक कार्यकर्ता के रूप में सामने आये। उन्होंने अपने आदिवासी समुदाय को नरेन्द्र मोदी के द्वारा आदिवासी समुदाय की उन्नति के लिये किये गये कार्यों की प्रभावी प्रस्तुति दी, जिससे उनकी नाराजगी दूर हुई। उनके लगातार किये गये चुनाव प्रचार ने आदिवासी समुदाय के वोटों को व्यापक स्तर पर प्रभावित किया।

गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2007 में छोटा उदयपुर के कवांट में भव्य आदिवासी सभा हुई, जिसमें करीब डेढ लाख आदिवासी सम्मिलित हुए। इसी सभा ने मोदी के राजनीतिक जीवन को एक नयी दिशा दी, वही इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में अनेक आर्थिक उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी-कल्याण की योजनाएं एवं रोजगार की उस समय मोदी द्वारा शुरूआत करने से यह क्षेत्र विकास की नयी इबारत लिखने में कामयाब रहा। इसी क्षेत्र में मोदी ने सुखी परिवार फाउण्डेशन को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय संचालित करने की जिम्मेदारी दी, जिससे इस क्षेत्र में शिक्षा की अभिनव क्रांति घटित हुई। तभी से मोदी न केवल इस बल्कि समूचे गुजरात के आदिवासी समाज के कल्याण एवं उन्नति के लिये ध्यान दे रहे हैं। इन्हीं कारणों से गुजरात का आदिवासी समाज वहां की भाजपा सरकार से लगातार नाखुश होते हुए भी इस बार उसने भाजपा का साथ दिया। गुजरात में आदिवासी चुनावी मुद्दों पर गौर करें तो बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा रहा है, इसके साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध ना हो पाना, पैसा अधिनियम आदि जैसे अहम मुद्दों हैं जिन पर चुनाव होते रहे हैं। ऐसे में भाजपा आदिवासी समाज को रोजगार देने के मुद्दे पर काम करती आयी है। साल 2018 में भाजपा सरकार ने केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया, जिसे आदिवासी विकास के मॉडल के रूप में पेश किया गया।

आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ना एक चमत्कार से कम नहीं है, इस चमत्कार को घटित करने में नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं इस समुदाय के प्रति आत्मीयता एवं संवेदना अधिक कारगर रही। बोडेली की चुनावी सभा में मोदी ने जिस विशेष अन्दाज में कहा कि मैं वोट के लिये आपके बीच नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी एवं आपके घरों में बैठे बुजुर्गो की कुशल क्षेम पूछने आया हूं। मैं आपके लिये प्रधानमंत्री नहीं हूं, बल्कि आपका बेटा हूं। प्रधानमंत्री तो मैं दिल्ली में हूं। ऐसे ही भावनात्मक विचारों से मोदी ने आदिवासी लोगों के बीच जगह बनायी है। इसी से कांग्रेस के मजबूत वोट बैंक में सेंध लगाने के कामयाबी मिली है। इसके अलावा भाजपा ने एक काम और किया कि उसने कांग्रेस के कई बड़े आदिवासी नेताओं को अपने पाले में कर लिया था। इसमें सबसे बड़ा नाम कांग्रेस से 10 बार विधायक रहे मोहन सिंह राठवा का था जो छोटा उदयपुर से जीते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटा उदयपुर से लेकर भरूच, दक्षिण गुजरात दाहोद जैसे आदिवासी जिले में खुद जाकर रैलियां की थी, यही वह खास वजह 27 में से 23 सीटें जीत लेने की बनी है। आदिवासियों के बड़े नेता छोटु वसावा भरूच जिले की जगड़िया विधानसभा सीट से 7 बार लगातार जीतते आ रहे थे। बीजेपी ने इस बार उनको भी हरा दिया है। इस बीच कांग्रेस आदिवासी क्षेत्र की केवल तीन सीट ही जीत पाई है जिसमें बनासकांठा की दाता सीट पर कांति खराडी, खेड़ब्रह्मा से तुषार चौधरी और वासादा से अनंत पटेल जीते हैं। दरअसल, भाजपा ने इस बार चुनाव प्रचार आदिवासी सीटों को काफी ध्यान में रखकर किया गया था। भाजपा की इस जीत के अंदर आम आदमी पार्टी की भी अहम भूमिका रही है क्योंकि छोटा उदयपुर जिले पवि जेतपुर सीट से गुजरात विधानसभा के विपक्ष के नेता सुखाराम राठवा चुनाव लड़े उनके सामने बीजेपी के जयंती राठवा थे। लेकिन इसके अलावा वहां आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार राधिका राठवा थीं जो कांग्रेस के पूर्व सांसद की लड़की है। ऐसे में उन्होंने अच्छे खासे कांग्रेस के वोट ले लिए जिसकी वजह से विपक्ष के नेता रहे सुखराम राठवा की हार हुई है। भाजपा ने आदिवासी क्षेत्रों में एक ही मंत्र अपनाया था कि जिनके सामने जीत न सको उनको अपने साथ शामिल कर लो जिससे अपनी ताकत बढ़ जाती है। इसी तरह बीजेपी ने गुजरात के अंदर सालों से बने कांग्रेस के वोट बैंक की मजबूती को तोड़ा। गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खास वजह मध्य प्रदेश से सटी गुजरात की वे सभी आदिवासी बहुल सीटें है, जिनका जीतना भाजपा के भविष्य की दृष्टि से शुभ है। पार्टी की तरफ से आदिवासी वर्ग को अपने पक्ष में करने वाला दांव सफल होना भविष्य की भाजपा की राजनीति को सुगम बनायेगी। राजनीतिक जानकारों का भी यही कहना है कि गुजरात के आदिवासियों के मन में भाजपा बस गयी है, अब पार्टी एवं उनके नेताओं को इस आदिवासी समुदाय के समग्र विकास के लिये पहल करनी चाहिए। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। गुजरात में कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर होते रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। ईसाई मिश्नरियों ने धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। राजनीतिक स्वार्थ के चलते हजारों वर्षों से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। भाजपा की नयी भूपेन्द्र सरकार एवं केंद्र सरकार को आदिवासियों की उन्नत आर्थिक स्थिति एवं विकसित जीवन स्तर के सार्थक प्रयत्न करने होंगे। स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पीने का साफ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना होगा।

# महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में बाधाएं

**प्रियंका सौरभ**

**जबकि** शिक्षा और पोषण में लैंगिक अंतर समय के साथ कम हो रहा है, श्रम बाजार में महिलाओं की वंचित स्थिति बहुत स्पष्ट है। भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी केवल 25% है जबकि वैश्विक औसत 60% है, विश्व शक्ति बनने के लिए, हम महिलाओं को सेवा से बाहर होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। आर्थिक कारकों के ऊपर और ऊपर गैर-आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारक हैं। जब पारिवारिक आय में वृद्धि होती है तो सांस्कृतिक कारकों के कारण महिलाएं परिवार की देखभाल के लिए काम छोड़ देती हैं। पितृसत्ता की गहरी जड़ें इस प्रकार जकड़े है कि घर के बाहर काम करने वाली महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक बोझ इतना मजबूत है कि अधिकांश पारंपरिक भारतीय परिवारों में, शादी के लिए ही काम छोड़ना एक आवश्यक पूर्व शर्त है। चाइल्डकैअर की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं प निर्भर है जिसका एक बड़ा कारक मातृत्व है। कार्यबल में शामिल होने वाली कई महिलाएं बच्चा होने के बाद फिर से शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चाइल्डकैअर को मुख्य रूप से महिलाओं की नौकरी के रूप में देखा जाता है। महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर पक्षपात आज भी होता है, ऐतिहासिक कानून, जो एक महिला को 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश का अधिकार देता है, एक बड़ी बाधा बन रहा है। एक अध्ययन के अनुसार कंपनियों के लिए यह बढ़ी हुई लागत है और यह उन्हें महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकती है। माताओं को इसलिए भी तरजीह नहीं दी जाती क्योंकि परिवार के कारण वे कम आधिकारिक जिम्मेदारियां उठाती नजर आती हैं। मेट्रोपॉलिटन, टियर 1 और टियर 2 शहरों में सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है। कार्य स्थल पर सुरक्षा और उत्पीड़न के बारे में स्पष्ट और निहित दोनों तरह की चिंताएँ है।

महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तर भी उन्हें अवकाश और अन्य गैर-कार्य गतिविधियों को करने की अनुमति देते हैं, जो सभी महिला श्रम बल की भागीदारी को कम करते हैं। जब आय बढ़ती है, तो पुरुष भारतीय महिलाओं को श्रम बल से हटने की अनुमति देते हैं, जिससे काम करने के कलंक (सांस्कृतिक कारक) से बचा जा सकता है। ऐसी नौकरियों की अपर्याप्त उपलब्धता जो महिलाएं कहती हैं कि वे करना चाहेंगी, जैसे कि नियमित अंशकालिक नौकरियां जो स्थिर आय प्रदान करती हैं और महिलाओं को काम के साथ घरेलू कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति देती हैं। अवैतनिक कार्य/घरेलू कार्य के बारे में सामाजिक मानदंड महिलाओं की गतिशीलता और वैतनिक कार्यों में भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रसव और बुजुर्ग माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल बाद के बिंदुओं के लिए होती है, जहां महिलाएं रोजगार पाइपलाइन से बाहर हो जाती हैं।

महिलाओं के लिए शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाने और एलएफपीआर की बेहतरी में मदद करती है महिला शिक्षा लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। लंबे समय से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। नारी शिक्षा को गति देकर भारत सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बालिकाओं के लिए अनिवार्य शिक्षा और उन्हें उच्च शिक्षा में बनाए रखना। अलग महिला शौचालय जैसे उचित बुनियादी ढांचा प्रदान करना। उन्हें नौकरी से संबंधित कौशल प्रदान करें जो नियोक्ता वास्तव में मांग करते हैं, या जिसका उपयोग वे अपना व्यवसाय शुरू करने में कर सकते हैं। कानूनों का मजबूत प्रवर्तन और बढ़ी हुई पुलिसिंग इस संबंध में मदद कर सकती है। आंगनबाड़ी, बालवाड़ी का सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का बार-बार आना आवश्यक है। देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला मंडलों की मदद ले सकती हैं।

लड़कियों और उनके माता-पिता की आकांक्षाओं को बढ़ाये, हमें लड़कियों की छवि और रोल मॉडल देने की जरूरत है जो उनके सपनों का विस्तार करें महिला प्रतिनिधित्व जैसे स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय कानून में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं क्योंकि यह नीति निर्माण में उनकी बात को बढ़ा सकती है।

## अध्यात्म और मानवीय जीवन की संवेदनशीलता

**संजीव**

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।

# फटाफट खबरें

## जिला बार अध्यक्ष पद के लिए तीन ने किया नामांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। बार के अध्यक्ष पद के लिए सत्यहरन यादव, जगतनारायण पाण्डेय व संजय करवरिया ने नामांकन किया है।

गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी चन्द्रपाल एड, योगेश कुमार श्रीवास्तव एड ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बिन्दा प्रसाद प्रेमी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनुजा श्रीवास्तव, प्रभात शुक्ल, अशोक कुमार सिंह, विजय प्रकाश सिंह, महासचिव पद के लिए चन्द्रमौलि मिश्र, अनिल कुमार श्रीवास्तव, विजय प्रकाश त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, मान सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार शुक्ला, त्रिभुवननाथ सिंह, श्रीप्रकाश मिश्र, शिवकुमार कुशवाहा व संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर अनुराग सिंह चन्देल, संयुक्त सचिव प्रकाशन एवं प्रवक्ता लक्ष्मण कुशवाहा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के पद पर शमीम हसन ने नामांकन किया है।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के सदस्य पद पर इस्त्यिाक हुसैन सिद्दीकी, मोतीलाल, अनूप गुप्त, महेश कुमार गुप्त, रामप्रकाश अग्रवाल, रावेन्द्र सिंह, वाईके शेख, कनिष्ठ कार्यकारिणी नरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शरद कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, जगमोहन, रणविजय सिंह पाल ने नामांकन दाखिल किया है। मुख्य चुनाव अधिकारी चन्द्रपाल पाल ने बताया कि 16 दिसम्बर को आपत्ति व निस्तारण तथा 17 दिसम्बर को नाम वापसी है।

## सिर पर भागवत पोथी रख निकाली शोभायात्रा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के शुभारम्भ पर श्रीमती रंजना व कमलेश पाण्डेय ने शोभायात्रा में सिर पर भागवत की पोथी रखकर निकली।

गुरुवार को वृन्दावन धाम के कथा व्यास पं गणेशदत्त मिश्रा शास्त्री ने कथा स्थल नई कोतवाली के पीछे द्वारिकापुरी कर्वी में कथा के शुभारम्भ के पहले यजमान श्रीमती रंजना पाण्डेय व कमलेश पाण्डेय के सिर पर भागवत पोथी रखवाकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में पास-पडोस के लोगों के साथ परिवार के सभी सदस्य व स्नेहिल मित्रगण मौजूद रहे।

कमलेश पाण्डेय के बडे भाई संतोष कुमार पाण्डेय, मिथलेश कुमार पाण्डेय, रामसजीवन पाण्डेय, गंगा प्रसाद पाण्डेय, विजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, विनय पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, अंशू पाण्डेय, हर्षित पाण्डेय, शोभित मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, ओम गर्ग, सौरभ मिश्रा, कुशल पटेल, निरंजन कुशवाहा, विनीत पयासी, आदित्य मिश्रा, अनुज दुबे, अवधेश करवरिया, कालीचरन राजपूत, विकास दुबे आदि मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में किसान सहित दो की मौत

**उन्नाव ।** मार्ग दुर्घटनाओं में किसान सहित दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महाई गांव और दूसरा लखनऊ के शारदानगर रुचिखंड का निवासी था।बीघापुर थानाक्षेत्र के महाई गांव निवासी मुन्नू दीक्षित (50) बाइक से पुरवा की ओर जा रहा था। बीघापुर-पुरवा मार्ग पर महाई गांव के पास सामने से आ रहे कुईथर गांव निवासी लवकुश (40) की बाइक में भिड़ गए। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। डॉक्टर ने मुन्नू को मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी सुशीला, बेटे जयगोविंद और सुंदरलाल बेहाल हैं।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे लखनऊ के शारदा नगर रुचि खंड निवासी मुकेश कुमार (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। जेब में मिले आधार से पुलिस ने शिनाख्त की और परिजनों को सूचना दी।

## जिंदा महिला की हत्या में फंसा दिव्यांग बरी

**उन्नाव ।** शादीशुदा महिला की हत्या में फंसाए गए दिव्यांग को अपर सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर तीन के न्यायाधीश महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बरी कर दिया। दिव्यांग पर जिस महिला की हत्या करने का आरोप था, उसे पुलिस ने कुछ समय बाद मुंबई से जीवित बरामद किया था। कोर्ट ने तत्कालीन सीओ व थानाध्यक्ष को विवेचना में लापरवाही का दोषी पाया। उनके विरुद्ध एक माह के भीतर कार्रवाई के लिए डीएम और एसपी को पत्र भेजा है।मोहल्ला जुराखन खेड़ा निवासी योगेंद्र कुमार अवस्थी ने 20 मार्च 2018 को सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि पत्नी श्रद्धा (23) आठ मार्च 2018 को इंटर की परीक्षा देने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। पता चला कि पड़ोस में रहने वाले दिव्यांग मित्र प्रमोद कुमार वर्मा के साथ वह चली गई। पुलिस ने शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर खोजबीन शुरू की। इसी दौरान दो अप्रैल 2018 को शेरपुरकला गांव के बाहर नहर किनारे एक 19 वर्षीय युवती का जला हुआ शव मिला था। तत्कालीन प्रधान कृष्णपाल यादव ने अज्ञात लोगों पर हत्या की रिपोर्ट आसीवन थाने में दर्ज कराई थी।शव जला होने से मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई थी। डॉक्टरों ने डीएनए सैंपल सुरक्षित किया था। 27 मई 2018 को मृतका की चूड़ी, कपड़े व फोटो से योगेंद्र व उसके परिवार के लोगों ने शव श्रद्धा गुप्ता का होने की पुष्टि कर दी। इस पर आसीवन थाना पुलिस ने सदर कोतवाली में दर्ज एनसीआर को भी मुकदमे से जोड़ दिया था। आसीवन थाना के तत्कालीन विवेचक सियाराम वर्मा ने नौ जून 2018 को आरोपी प्रमोद कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया था। विवेचक इंस्पेक्टर सियाराम का स्थानांतरण होने पर विवेचना दरोगा जयशंकर सिंह को मिली।

जयशंकर ने तीन सितंबर 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। वर्ष 2020 में तत्कालीन एसओ राजेश सिंह ने मृत मिली युवती के डीएनए सैंपल का मिलान कराने के लिए श्रद्धा के माता-पिता और बेटी का डीएनए सैंपल लेकर जांच कराई तो मिलान नहीं हुआ। शव श्रद्धा का न होने की पुष्टि हुई। पुलिस की पहल पर अक्तूबर 2020 को प्रमोद वर्मा को जमानत मिल गई थी।महाराष्ट्र के एक नर्सिंगहोम में नौकरी कर रही श्रद्धा ने एक्सिस बैंक के एटीएम के लिए आवेदन किया। इसमें उसने उन्नाव से बना आधार लगा दिया। आधार में उन्नाव वाले घर का पता होने से एटीएम उसके घर पहुंचा तो परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस श्रद्धा की तलाश में लग गई। किसी काम से महाराष्ट्र से ट्रेन द्वारा उन्नाव आ रही श्रद्धा को हिरासत में लिया था।

# फर्जी बायो प्लांटेक के शातिर दिमाग विनोद पटेल का कारनामा

## पुलिस ने समय रहते गौर न किया तो ददुआ-ठोकिया को देगा मात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बालकृष्ण बायो प्लांटेक फर्जी कंपनी का डायरेक्टर विनोद पटेल उर्फ दीपक पटेल पुत्र चुनबाद पटेल निवासी ग्राम जबरापुर थाना फतेहगंज जिला बांदा कुख्यात बदमाश बलखड़िया गैंग का सक्रिय सदस्य 2014-2015 में रहा है। इसी गैंग से धोखाधडी, लोगों को ठगी करने की शिक्षा-दीक्षा ली है। अपराधी मानसिकता के विनोद पटेल ने कम समय में अपराध की दुनिया में कुख्याति हासिल की है। संबंधित पुलिस थाने के इंस्पेक्टर का मुंह कैसे बंद करना है कि पुलिस उसके अपराधों में पर्दा डालती रहे। ये भी गुर उसने दस्यु बलखड़िया और अपने मामा शिव प्रसाद पटेल पुत्र राम प्रसाद पटेल निवासी बगहिया थाना कर्वी से कुशलता पूर्वक सीखे हैं।

अपराधी मानसिकता के दम पर विनोद पटेल भोलेभाले किसानों को गुमराह कर अपने क्राइम पार्टनर शिव प्रसाद पटेल के साथ बालकृष्ण बायो प्लांटेक कंपनी बनाई है। कम्पनी के माध्यम से विनोद पटेल उर्फ दीपक पटेल, अपने भाई सुशील पटेल एवं पत्नी सुमित्रा देवी के साथ 20 अक्टूबर 2022 को बांदा में हुए रोजगार मेले में पहुंचा। वहां से 28 अक्टूबर 2022 को दो नए युवकों को बहला-फुसलाकर ठग कंपनी के गिरोह में शामिल किया। फिर 18 अक्टूबर 2022 को बबेरू रोजगार मेले में कंपनी का एचआर बनकर गया और वहां से सीधेसादे नवयुवकों को बहला-फुसलाकर अपनी बालकृष्ण बायो प्लांटेक ठग कंपनी के गिरोह में शामिल किया। इसी क्रम में 14 नवम्बर 2022 को फतेहपुर रोजगार मेले में जाकर वहां से भी बहला-फुसलाकर ठगी कंपनी गैंग में सीधेसादे युवकों को शामिल किया। गौरतलब है कि विनोद पटेल उर्फ दीपक पटेल बताता है कि उसकी कंपनी 2019 की है। खुद अपने बालकृष्ण बायो नाम की फर्जी कंपनी में अपनी ज्वाइनिंग एक जनवरी 2022 दिखा रहा है। अपने नाम में विनोद सिंह लगाए है। पिता के नाम में चुनबाद प्रसाद लिखकर अपना पता 509 गौरनगर मकरोनिया लिखे है, जो पूरी तरह से फर्जी है। सूत्रों ने बताया कि इस पते पर इस नाम की कोई जानकारी किसी को नहीं है, जबकि ये रहने वाला ग्राम जबरापुर थाना फतेहगंज जिला




बांदा का है। बालकृष्ण बायो नाम से बनाई फर्जी कंपनी के कई पते लिख रखे हैं। जिसमे मौके पर जाने पर दूर-दूर तक कोई जानकारी नहीं मिलती। इससे प्रतीत होता है कि इसकी रग-रग में अपराधी मानसिकता पैवस्त है। विनोद पटेल के अपराधिक मामलों में कर्वी कोतवाली पुलिस पर्दा डाल रही है। अफसोस जनक है कि जब पर्दा उठा तो पुलिस प्रशासन ने मौनधारण कर लिया, ताकि अपने उच्चाधिकारियों के समक्ष जवाब न देना पड़े। मौजूदा कर्वी कोतवाल एके मिश्रा के कार्यकाल के समय उनकी छवि अपराध मुक्त चित्रकूट के रूप में बनी रहे। पुलिस ऐसे ही मौनधारण किए रही तो हो सकता है कि ये शातिर दिमाग वाला अपराधी विनोद पटेल 19वीं सदी के कुख्यात बदमाश ददुआ, ठोकिया और बलखड़िया को भी पीछे छोड़ देगा और पुलिस हाथ मलती नजर आएगी।

विनोद पटेल इस कदर शातिर दिमाग का बदमाश है कि कभी किसी नवयुवक के खाते में वेतन नहीं देता है। कुछ समय बाद वेतन देना बंद कर देता है। जब युवक काम करने से मना करते हैं तो उन्हें डराता धमकाता है। कहता है कि अगर उसकी ठगी में साथ नहीं दोगे तो तुम्हारे ऊपर ठग कंपनी का पैसे लेकर भागने का आरोप लगाकर कानूनी कार्यवाही करूंगा। इसी का जीता जागता उदाहरण है धर्मेंद्र द्विवेदी पुत्र जनार्दन द्विवेदी निवासी चिल्ला जिला बांदा, जब इसने काम करने से मना किया तो इसके ऊपर पैसे का आरोप लगाकर कानूनी कार्यवाही करनी शुरू कर दी। निलम्बित करने का नाटक विनोद पटेल करने लगा।

## चार माह बाद भी पीड़ित की पत्नी का पुलिस नहीं लगा सकी सुराग, उल्टा पति को ही पुलिस दे रही धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के भदेहदू गांव के हालमुकाम कोतवाली कर्वी भैरोंपागा मोहल्ले के लवकुश पुत्र उमेश निषाद ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि 16 अगस्त 2022 को उसने पत्नी के नदारद होने की तहरीर कोतवाली कर्वी में दी थी। नामजद लोगों के नाम हटाकर मनमानी ढंग से 17 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। चार माह बीतने के बाद भी पत्नी का कोई सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है।

गुरुवार को पीड़ित पति लवकुश निषाद ने बताया कि उसकी पत्नी से जिस मोबाइल नम्बर से बात हो रही थी, उसके मालिक ने स्वीकार किया कि इस फोन से संतोष निषाद उसकी पत्नी मंजू देवी से अक्सर बात करता था। मोबाइल की काल डिटेल व बातचीत की रिकार्डिंग व मोबाइल फोन जांच निरीक्षक राधेश्याम ने अपने पास दो माह पहले रख लिया था। आठ-दस दिनों के अंतराल में पूंछने पर कहा कि काल डिटेल नहीं देख पाये। चार माह बीतने के बाद कोई कार्यवाही न होने पर जांच निरीक्षक से मोबाइल फोन मांगा तो जांच निरीक्षक ने कहा कि यह मोबाइल तेरी पत्नी का नहीं है। आरोपी संतोष ने पत्नी को दिया था, ये कहकर उसे नहीं लौटाया। जांच निरीक्षक आरोपी को बचाने में लगे हैं।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी संतोष पर दबाव डालने पर परिजनों ने मोबाइल नम्बर दिया तो उसकी पत्नी ने फोन उठाकर उसकी आवाज पहचानने पर काट दिया। कर्वी कोतवाल की मौजूदगी में ये नम्बर 9899208574 जांच निरीक्षक राधेश्याम को दिया तो मोबाइल नम्बर के आधार पर भी मंजू देवी का पता लगाने का प्रयास नहीं किया। 13 अक्टूबर 2022 को पूर्वान्ह 11 व दोपहर साढे 12 बजे तथा शाम चार बजे मोबाइल नम्बर 9569538370 से पीड़ित के पास सीओ राजापुर के नाम से फोन आने पर पत्नी को साथ रखने की बात पूंछी जाती है। दूसरे दिन धुस मैदान कर्वी में आरोपी संतोष की दुकान में मिलने को कहता है। ये बात जांच निरीक्षक को बताई थी। जांच निरीक्षक ने इसे भी गम्भीरता से न लेकर कोई कार्यवाही नहीं की। पडताल में पता चला कि ये नम्बर आरोपी संतोष निषाद के सगे बहनोई का है। उसे पकड़कर कोतवाली लाकर जांच निरीक्षक के हवाले किया गया। पूर्व की भांति जांच निरीक्षक ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित ने कहा कि चार माह बीतने के बाद भी जांच निरीक्षक राधेश्याम कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। उल्टा पीड़ित को मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ कोई अनहोनी होने से वह दहशत में है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पत्नी का पता लगाने की गुहार लगाई है।

## हिस्ट्रीशीटर जालसाज को पुलिस ने दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने एक जालसाज को दो देशी बमों के साथ दबोचा है।

गुरुवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने रवि पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय निवासी कौवा थाना करछना जिला प्रयागराज को दो देशी बमों के साथ गिरफ्तार किया है। ये एटीएम कार्ड से जालसाजी करने वाले गिरोह का सरगना है। कोतवाली कर्वी में इसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड अलग-अलग लोगों से बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि प्रयागराज के विभिन्न थानों में रवि पाण्डेय के खिलाफ विभिन्न धाराओं के 14 मामले दर्ज हैं। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय व गोलू भार्गव शामिल रहे। इसी क्रम में चैकी प्रभारी सीतापुर ने नाबालिग बालिका से छेडखानी करने वाले अरुण पटेल पुत्र भगवानदीन पटेल उर्फ बंगा निवासी मैनहाई कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सरधुआ थाना पुलिस ने अपहरण के वांछित राजा बाबू पुत्र विजय कुमार निवासी औदहा तथा दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के वारंटी पिन्टू पुत्र चुन्नू लोध निवासी हकीमपुर को गिरफ्तार किया है।


## सर्किट हाउस व एयरपोर्ट के जल्द निपटायें कार्यः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने हनुमान धारा रोड पर मप्र व उप्र सीमा पर निमार्णाधीन अन्तर्राज्जीय प्रवेश द्वार एवं देवांगना घाटी के नीचे निमार्णाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण कर लोनिवि के प्रान्तीय खण्ड एक्सईएन सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि कार्य तेजी से कराया जाये।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश द्वार पर अच्छे ढंग से लाइटिंग कराई जाये। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि गेट निर्माण में जो विद्युत पोल पड रहे हैं, उन्हें तत्काल शिफ्ट करा दें। सर्किट हाउस के निर्माण को देखकर कहा कि चहारदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था से कहा कि कार्य में तेजी लाई जाये। शासन से निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने राइट्स संस्था के अधिकारी अतुल प्रकाश को हवाई पट्टी का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि एप्रोच रोड का निर्माण तेजी से



कराया जाये। टर्मिनल बिल्डिंग के पहले चार सौ मीटर मिट्टी फीडिंग का कार्य सडक पर हो गया है। शेष कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत से कहा कि देवांगना मार्ग में प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं, विभाग से सम्पर्क कर विद्युतीकरण करायें। एक्सईएन ने बताया कि विद्युत कनेक्शन हो गया है। संचालन लोनिवि को करना है। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि से कहा कि लोक निर्माण विभाग झांसी डिवीजन ने विद्युतीकरण किया है। उनसे सम्पर्क कर मुख्य सडक पर प्रकाश की व्यवस्था की जाये। उन्होंने एक्सईएन विद्युत से कहा कि एप्रोच रोड टर्मिनल बिल्डिंग की ओर जा रही है। उसके लिए भी सडक किनारे विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करायें। एडीएम से कहा कि एयरपोर्ट एथार्टी से शासन को पत्र भेजा जाये कि मेन रोड से टर्मिनल बिल्डिंग तक प्रकाश एवं सडक किनारे तार फेन्सिंग की व्यवस्था करायें। निरीक्षण में उनके साथ एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, विद्युत एक्सईएन आरएस वर्मा समेत राइट्स संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## बुन्देलखण्ड विवि को सरकार दे अनुदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द आदि ने प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपकर कहा कि बुन्देलखण्ड विवि झांसी को सरकारी अनुदान दिया जाये।



गुरुवार को प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने बताया कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र खासा पिछडा क्षेत्र है। झांसी में स्थित बुन्देलखण्ड विवि भी पिछडेपन का शिकार है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से इसे बहुत कम अनुदान मिलता है। जिसका बोझ छात्रों की फीस पर पडता है। नतीजतन छात्रों की फीस में प्रतिवर्ष वृद्धि की जाती है। बुन्देलखण्ड के पिछडे किसान, मजदूर के बच्चों के सामने उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बाधायें खडी होती हैं।

उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड से सम्बद्ध अधिकांश संचालित महाविद्यालय स्ववित्त पोषित हैं। प्रदेश सरकार से सरकारी अनुदान न मिलने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र में चिकित्सा, इंजीनियरिंग, तकनीकी तथा रोजगार परक शिक्षण संस्थानों का अभाव है। महंगी फीस के चलते गरीब बच्चे नहीं पढ पा रहे हैं। प्रधानमंत्री से मांग किया कि बुन्देलखण्ड विवि को केन्द्र व प्रदेश सरकार अनुदान दे, ताकि सस्ती फीस पर गरीबों के बच्चे पढ सकें और कम पैसे में छात्रावास में रह सकें, ताकि बुन्देलखण्ड का सम्पूर्ण विकास हो सके। ज्ञापन देने में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता, आशीष पटेल, रामचन्द्र मिश्रा, विष्णु रैकवार, विनय राजपूत, आकाश सैनी आदि शामिल रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता चाचा के मुकदमों में नहीं हुई सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** दुष्कर्म पीड़िता के चाचा को पेशी पर तिहाड़ जेल से दिल्ली पुलिस न्यायालय लाई। अधिवक्ताओं के कार्य से विरत रहने से उसके मुकदमों पर सुनवाई नहीं हो सकी। सभी मुकदमों में सुनवाई की तरीख 23 जनवरी तय की गई है।पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर प्रकरण में दुष्कर्म पीड़िता के चाचा के खिलाफ चल रहे मुकदमों में पेशी के लिए आरोपी को दिल्ली पुलिस ने बुधवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय न्यायालय में पेश किया। यहां दस्तावेजों में सफेदा लगाकर लाभ लेने समेत दो मुकदमों की सुनवाई होनी थी। न्यायिक अधिकारी ने आगे की तारीख बढ़ा दी। इसके बाद सफीपुर न्यायालय में विचाराधीन, इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने, फर्जी टीसी के मामले और षडयंत्र के तहत सीबीआई के गवाह की कब्र खोदवाने के फर्जी दस्तावेज लगाने के मुकदमों में पेशी हुई। यहां भी न्यायिक मजिस्ट्रेट से पेशी की तारीख 23 जनवरी दी है।

## खड़ी ट्रक में भिड़े बाइक सवार, एक की मौत, दो घायल

**कछ्वांरोड। कछ्वांरोड** चौराहा पर बने ओभर ब्रिज पर बुधवार की भोर में जिस खड़ी ट्रक में एक बाइक पर सवार तीन युवक भिड़ गए थे। जिसमें इलाज के दौरान एक की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई उस ट्रक में ठूस कर भरे थे पशु।दुर्घटना के बाद पुलिस ट्रक को क्रेन से खिचवा कर ओभर ब्रिज से निचे कराकर चेक करवाया तो उसमे कुल 26 पशु ठूस कर लादे गए थे जिसमे एक गाय व एक बैल मृत पड़े थे और 5 गाय व 19 बैल जिन्दा है। दो बैल घायल पड़े हैं। पुलिस ने सभी गो वंशों को ठढरा गांव स्थित पशु आश्रय केंद्र में ट्रक से उतरवा कर रखवाया। इस बावत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया की पशु लदी ट्रक में ही बाइक सवार भिड़े थे। मौके से चालक तस्कर फरार थे। ट्रक को कब्जे में लेकर उस पर लदे पशुओ को उतरवाया गया है।

## अभियान चलाकर गोवंश को नजदीकी गौशालाओं में किया जाय संरक्षित

**एटा। मुख्य पशु** चिकित्सा अधिकारी ने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार सरसों और आलू की फसलों को बर्बाद कर रहे निराश्रित पशु के क्रम में पशु चिकित्साधिकारी सकीट द्वारा अवगत कराया गया कि सड़को एवं खेतों में विचरण कर रहे गोवंश को गोवंश संरक्षण अभियान चलाकर ग्रामवासियो एवं ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मदद से आश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत 31 दिसम्बर 2022 तक विकास खण्ड क्षेत्र में विचरण कर रहे गोवंशों को नजदीकी आश्रय स्थलों में संरक्षित कर लिया जायेगा, जिससे कि किसानों की फसलो को नुकसान से बचाया जा सके।

## वाहन चोरी के आरोप में जेल में बंद कैदियों को ऑटो रिपेयरिंग का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मथुरा। जनपद** मथुरा जेल के अधिकारियों ने जेल में बंद वाहन चोरों को मोटर/ऑटो मैकेनिक बनने के लिए प्रशिक्षित करने का फैसला किया है।

मथुरा जेल प्रशासन ने इन विचाराधीन कैदियों को उनके दीर्घकालिक पुनर्वास और एकीकरण में सहयोग देने के लिए ऑटोमोबाइल मरम्मत में प्रशिक्षित करने के लिए एक एनजीओ टीम को शामिल किया है।

जेल से छूटने के बाद बंदियों को 30 दिन का कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे रोजगार हासिल कर सकें।

कार्यक्रम के सफल समापन पर उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

मथुरा जेल अधीक्षक बृजेश सिंह ने कहा, इसका उद्देश्य इन युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

हमारे सुधार कार्यक्रम के तहत, कैदियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार उन्मुख कौशल सिखाए जा रहे हैं।

30-दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल में, कैदियों को इंजन ओवरहालिंग, बाइक सर्विसिंग और अन्य सहित पूर्ण इंजन मरम्मत में व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा।अधिकारियों के मुताबिक, एनजीओ जेल प्रशासन को अलग-अलग तरह की बाइक मुहैया कराता है, ताकि कैदी इनका इस्तेमाल ट्रेनिंग के लिए कर सकें। श्रीसिंह ने कहा कि यह मॉड्यूल विशेष रूप से उन कैदियों के लिए है, जो बाइक चोरी के आरोप में जेल में बंद हैं।

## अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने भारत के खिलाफ आक्रामकता के लिए चीन की आलोचना की

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भारत के खिलाफ चीन की हालिया आक्रामकता की आलोचना की और अमेरिका के भारत के साथ काम करना जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संसद में एक बयान में कहा था कि चीनी सैनिकों ने नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को ''एकतरफा'' बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने



अपनी ''दृढ़ एवं साहसिक'' प्रतिक्रिया से उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया।कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा, ''मैं चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अपने सशस्त्र बलों के माध्यम से भारतीय सीमा का उल्लंघन कर आक्रामकता के उनके हालिया प्रदर्शन के बारे में जानकर निराश हूं।''

उन्होंने कहा, '' मुझे इस बात की तसल्ली है कि इस संघर्ष में भारतीय सुरक्षा बलों को कोई गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का एक और उदाहरण है। साथ ही यह क्षेत्र में चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए अमेरिका के भारत एवं हमारे सभी सुरक्षा भागीदारों के साथ काम करने की जरूरत को भी रेखांकित करता है।

## भारतीय-अमेरिकी किशोर ने 'गोल्डन गेट ब्रिज' से छलांग लगाई, आत्महत्या करने की कोशिश

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी किशोर ने सैन फ्रांसिस्को के मशहूर 'गोल्डन गेट ब्रिज' से कथित तौर पर छलांग लगा दी। उसके माता-पिता और अमेरिकी तटरक्षक के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुल पर 16 वर्षीय लड़के की साइकिल, फोन और बस्ता मिला है। ऐसा माना जा रहा है कि 12वीं कक्षा का छात्र मंगलवार शाम करीब चार बजकर 58 मिनट पर पुल से कूदा था। तटरक्षकों ने बताया कि पुल से ''किसी व्यक्ति'' के कूदने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने



खोज एवं बचाव अभियान चलाया। लड़के के जीवित होने की संभावना बेहद कम है।समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने बताया कि किसी भारतीय-अमेरिकी के कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश में गोल्डन ब्रिज से छलांग लगाने का यह चौथा मामला है।

'ब्रिज रेल फाउंडेशन' के अनुसार, पिछले साल यहां से कूदकर 25 लोगों ने आत्महत्या की। 1937 में पुल के खुलने के बाद से यहां करीब दो हजार आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार 1.7 मील लंबे पुल के दोनों ओर 20 फुट चौड़ा लोहे का जाल लगाने का काम कर रही है। इसका काम इस साल जनवरी तक पूरा होना था, लेकिन यह अभी तक नहीं हो पाया है। इसकी निर्माण लागत 13.72 करोड़ डॉलर से बढ़कर करीब 38.66 करोड़ डॉलर हो गई है। इस परियोजना का काम 2018 में शुरू हुआ था।

## उत्तर कोरिया के खतरों के बीच अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में अंतरिक्ष इकाई की शुरुआत की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में औपचारिक रूप से एक अंतरिक्ष बल इकाई की शुरुआत की। अमेरिका के लिए विदेशी क्षेत्र में यह पहली इकाई है जिससे वह अपने प्रतिद्वंद्वियों उत्तर कोरिया, चीन और रूस की बेहतर निगरानी कर पाएगा। सियोल के पास ओसान एयर बेस पर अमेरिकी अंतरिक्ष बल कोरिया की शुरुआत ऐसे वक्त की गई है, जब हाल के महीनों में उत्तर कोरिया ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों दक्षिण कोरिया तथा जापान पर हमला करने के लिए तैयार परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।नयी अंतरिक्ष इकाई के प्रमुख



*अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' की पूर्व की रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन और रूस ने उन तकनीकों को विकसित करने के लिए बड़े प्रयास शुरू किए हैं जो संकट के समय या संघर्ष में अमेरिकी और संबद्ध उपग्रहों को अवरूद्ध या नष्ट कर सकते हैं।*

लेफ्टिनेंट कर्नल जोशुआ मैकुलियन ने ओसान में उद्घाटन समारोह में कहा, ''सिर्फ 48 मील उत्तर में एक अस्तित्वगत खतरा मौजूद है;ऐसा खतरा जिससे हमें बचाव करने के लिए तैयार रहना चाहिए।'' उन्होंने परोक्ष रूप से उत्तर कोरिया का उल्लेख किया, जिसकी दक्षिण कोरिया के साथ लगी सीमा सियोल से सिर्फ एक घंटे की दूरी पर है। यह इकाई अमेरिकी अंतरिक्ष बल से जुड़ी है, जिसे दिसंबर 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में 70 से अधिक वर्षों में पहली नयी अमेरिकी सैन्य सेवा के रूप में शुरू किया गया था। अंतरिक्ष बल को अंतरिक्ष में विशेष रूप से असैन्य और सैन्य दिशा-सूचक, खुफिया और संचार के लिए इस्तेमाल वाले उपग्रह के संबंध में अमेरिकी हितों की रक्षा के वास्ते जरूरत के तौर पर देखा गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' की पूर्व की रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन और रूस ने उन तकनीकों को विकसित करने के लिए बड़े प्रयास शुरू किए हैं जो संकट के समय या संघर्ष में अमेरिकी और संबद्ध उपग्रहों को अवरूद्ध या नष्ट कर सकते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष बल कोरिया पिछले महीने हवाई में हिंद-प्रशांत के अंतर्गत स्थापित एक बड़ी अमेरिकी अंतरिक्ष बल इकाई के अधीन है।

## पेरू में बिगड़े हालात के बीच आपातकाल की घोषणा

**पेरू।** पिछले कुछ समय से राजनीतिक संकट से जूझ रहे पेरू में आपातकाल घोषित किए जाने की खबर है। पेरू के राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को 7 दिसंबर को पद से हटाने के बाद यह संकट लगातार



गहराता होता गया। कैस्टिलो समर्थक नये चुनाव की मांग को लेकर व्यापक प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनों के दौरान कई स्थानों पर हिंसा, उपद्रव और भारी बवाल भी हुए। इनमें कुछ लोगों की जान जाने की खबर है। देशभर में हिंसक प्रदर्शन के बीच बेहद खराब स्थिति को देखते हुए पेरू के रक्षा मंत्री अल्बेर्टो ओटारोला ने देश में आपातकाल लगाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा है कि सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पुलिस के साथ सशस्त्र बलों को भी लगाया जाएगा।

## आर्कटिक में बदलता मौसम लोगों, पारिस्थितिक तंत्र और वन्यजीवों के लिए गड़बड़ी का संकेत

**आर्कटिक।** आर्कटिक में, यात्रा करने, शिकार करने और दिन-प्रतिदिन के निर्णय लेने की स्वतंत्रता वर्ष के अधिकांश समय ठंड और जमी हुई स्थितियों से गहराई से जुड़ी हुई है। आर्कटिक के गर्म होते ही ये स्थितियां तेजी से बदल रही हैं। आर्कटिक में अब अधिक बारिश हो रही है जबकि ऐतिहासिक रूप से बर्फ गिरनी चाहिए। समुद्र की बर्फ जो एक समय तूफानों के दौरान तटरेखाओं को कटाव से बचाती थी, अब देर से बन रही है। और नदी तथा झील की पतली परत के कारण उस पर यात्रा करना जानलेवा हो रहा है।आर्कटिक में पोत आवाजाही भी बढ़ रही है, जो नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के लिए नए जोखिम ला रही है, और ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर ताजा पानी और बर्फ को समुद्र में भेज रही है, जिससे वैश्विक समुद्र स्तर बढ़ रहा है। 13 दिसंबर, 2022 को जारी वार्षिक आर्कटिक रिपोर्ट कार्ड में, हमने आर्कटिक प्रणाली की वर्तमान स्थिति की जांच करने के लिए 11 देशों के 144 आर्कटिक वैज्ञानिकों को एकत्र किया। आर्कटिक गीला और बारिश वाला हो रहा है हमने पाया कि आर्कटिक में बारिश का सिलसिला सभी मौसमों में बढ़ रहा है, और इससे मौसम बदल रहे हैं। यह अधिकांश बदलाव अब बारिश के रूप में गिर रहा है, कभी-कभी सर्दियों के दौरान और पारंपरिक रूप से वर्ष के जमे हुए समय में। यह मनुष्यों, वन्यजीवों और पौधों के दैनिक जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है। सड़कें अधिक बार खतरनाक रूप से बर्फीली हो जाती हैं, और समुदायों को नदियों में बाढ़ की घटनाओं के अधिक जोखिम का सामना करना पड़ता है। बारहसिंगे चराने वाले स्वदेशी समुदायों के लिए, सर्दियों की बारिश एक अभेद्य बर्फ की परत बना सकती है जो उनके बारहसिंगों को बर्फ के नीचे

## यूक्रेन पर रूसी हमला: राजधानी कीव की कई इमारतें ध्वस्त, कई शहरों की बिजली गुल

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने एक बार फिर जोरदार हमला किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव की कई प्रमुख सरकारी इमारतें ध्वस्त कर दी गयीं। यूक्रेन के कई शहरों की बिजली गुल हो गयी है। इस बीच कीव के मेयर ने रूस के दस ईरानी ड्रोन मार गिराने का का दावा किया है।

यूक्रेन पर रूसी हमले के दसवें महीने में भी आक्रामकता में कोई कमी नहीं आई है। रूसी सेनाओं ने यूक्रेन के कई शहरों में एक साथ ईरानी ड्रोन से हमले किए हैं। ये शहर बर्बादी की हालत में पहुंचने से स्थितियां भयावह हो गयी हैं। कई शहरों की बिजली गुल हो गयी



है। केवल ओडेसा शहर में 15 लाख लोगों के घरों की बिजली गुल है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो रहे हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव में भी धमाकों की गूंज सुनी गयी है। कीव पर भी ईरानी ड्रोन से हमले किये गए हैं। इस कारण शहर की प्रमुख सरकारी इमारतें ध्वस्त हो गयी हैं।

यूक्रेनी खुफिया विभाग के उपप्रमुख जनरल वादिम स्कीबित्सकी ने बताया कि अब रूस हमले में यूक्रेन की ही मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है। यूक्रेन पर रूस उन मिसाइलों से हमला कर रहा है, जिन्हें यूक्रेन ने 1990 में सोवियत संघ से अलग होने पर रूस को सौंपा था। दरअसल, 1990 में सोवियत संघ से अलग होते समय यूक्रेन के पास परमाणु हथियारों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खजाना था। जनरल स्कीबित्सकी ने बताया कि 1970 के दशक में यूक्रेन में बनाई गई केएच-55 सबसोनिक क्रूज मिसाइल का मलबा पिछले दिनों रूसी हमले के बाद ख्मेलनित्स्की इलाके में मिला। ये मिसाइलें परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ मिसाइल ही यूक्रेन में बनी हुई नहीं थी, बल्कि जिस टीयू-160 बमवर्षक से इसे गिराया गया, वह भी यूक्रेन में बना था।

## संयुक्त राष्ट्र महिला अधिकार निकाय से ईरान बाहर, अमेरिका के प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने बनाई दूरी

**वाशिंगटन।** ईरान में महसा अमीनी की मौत के बाद हिजाब को लेकर चल रहे प्रदर्शन को बर्बर तरीके से दबाया जा रहा है। अमेरिका द्वारा लाए गए प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र ने ईरान को महिला अधिकार निकाय से बाहर कर दिया गया है।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के 29 सदस्यों ने ईरान को 2022-2026 की शेष अवधि के लिए महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग से बाहर करने के लिए मतदान किया। हुए मतदान में भारत ने तटस्थता की नीति अपनाई। मतदान में आठ देशों ने ईरान के खिलाफ और 16 सदस्यों ने मतदान नहीं किया। इससे पहले बीते माह में अमेरिका ने कहा था कि वह महिलाओं और लड़कियों



के अधिकारों के उल्लंघन और सितंबर में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई को लेकर ईरान को संयुक्त राष्ट्र के महिलाओं से जुड़े वैश्विक निकाय से बाहर करने का प्रयास करेगा।

संयुक्त राष्ट्र में मतदान अमेरिका के प्रस्ताव पर किया गया। इस प्रस्ताव में अमेरिका ने तत्काल प्रभाव से ईरान को आयोग की सदस्यता से वंचित करने की मांग की। प्रस्ताव में कहा गया है कि ईरान सरकार अक्सर अत्यधिक बल के उपयोग के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार सहित महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों को लगातार कमजोर करता है।

इस प्रस्ताव पर मतदान के बाद अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज एक ऐतिहासिक वोटिंग में संयुक्त राष्ट्र ने ईरानी शासन ने महिलाओं और लड़कियों के व्यवस्थित दमन के जवाब में ईरान को महिलाओं की स्थिति पर आयोग से हटाने का काम किया। यह वोट ईरान और जवाबदेही की मांगों पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय सहमति का एक और संकेत है।

## हिजाब विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप में ईरान में फुटबॉलर को फांसी की सजा

**तेहरान।** ईरान ने हिजाब विरोधी प्रदर्शन और महिलाओं के अधिकार का समर्थन करने के आरोप में एक फुटबॉलर को फांसी की सजा सुनाई है। आमिर नस्त्र-आजादानी नाम का यह फुटबॉलर ईरान की राष्ट्रीय अंडर-16 टीम के लिए खेल चुका है। इस फुटबॉलर को बचाने के लिए ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान समेत कई खेल सितारों ने अपील की थी। इसके बावजूद ईरानी सरकार ने




आमिर नस्त्र-आजादानी की सजा माफ नहीं की है। ईरानी सरकार का दावा है कि फुटबॉलर आमिर नस्त्र-आजादानी को एक सशस्त्र दंगे में भाग लेने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सुरक्षा बलों के तीन सदस्य मारे गए थे। 26 साल के आमिर नस्त्र-आजादानी ईरानजवन बुशहर एफसी टीम में डिफेंडर के तौर पर फुटबॉल खेलते हैं।

कोर्ट में पेशी के दौरान ईरानी सरकार ने आमिर नस्त्र-आजादानी पर देश के खिलाफ विद्रोह करने, सशस्त्र गिरोहों का सदस्य होने, देश की सुरक्षा को कमजोर करने में विदेशी ताकतों की सहायता करने का आरोप लगाया। ऐसे में कोर्ट में उनके खिलाफ मोहराबेह का आरोप साबित हुआ। मोहराबेह का अर्थ ईश्वर के खिलाफ युद्ध छेड़ना है। ईरान में इस गुनाह की सजा मौत है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों ने सरकार की जड़ें हिला दी है। जिसके बाद तेहरान ने इस महीने दो प्रदर्शनकारियों को फांसी पर लटकाया है। इन सभी लोगों पर मोहराबेह का आरोप लगाया गया है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल का दावा है कि विरोध प्रदर्शनों के लिए 11 लोगों को पहले ही मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, अब भी कम से कम 8 अन्य लोगों को मौत की सजा का सामना करना पड़ सकता है। सितंबर में तेहरान की नैतिकता पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद विरोध शुरू होने के बाद से हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरान की न्यायपालिका ने मंगलवार को कहा कि अकेले राजधानी में 400 लोगों को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने पर 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई है। तेहरान की न्यायपालिका के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान प्रांत में दंगाइयों के मामलों की सुनवाई में, 160 लोगों को पांच से 10 साल की जेल, 80 लोगों को दो से पांच साल और 160 लोगों को दो साल तक की सजा सुनाई गई। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के संघ ने कहा कि वह ईरानी सरकार के फैसले से हैरान हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत का चीन और पाकिस्तान पर निशाना, आतंकियों को बचाने के लिए हो रहा बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर से चीन और उसके करीबी पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किसी का नाम लिए बगैर यूएन में एक बहस के दौरान कहा कि आतंकियों को बचाने के लिए बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक खुली बहस के दौरान चीन और उसके करीबी सहयोगी पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवाद को उचित ठहराने और साजिशकर्ताओं को बचाने के लिए बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यूएनएससी में 'अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा तथा सुधारित बहुपक्षवाद के लिए नयी दिशा' विषय पर खुली बहस की अध्यक्षता करते हुए जयशंकर ने कहा कि संघर्ष ने ऐसी स्थिति बना दी है कि बहुपक्षीय मंच पर




चलताऊ रवैया नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा, आतंकवाद की चुनौती पर, दुनिया अधिक एकजुट प्रतिक्रिया के साथ एक साथ आ रही है लेकिन साजिशकर्ताओं को उचित ठहराने और बचाने के लिए बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जयशंकर परोक्ष रूप से चीन का जिक्र कर रहे थे, जिसने पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के लिए कई मौकों पर भारत और अमेरिका के प्रयासों को बाधित किया। मंत्री ने कहा कि जब जलवायु कार्रवाई और जलवायु न्याय की बात आती हैतो स्थिति बेहतर नहीं है।

**महात्मा गांधी के विचारों को मार्गदर्शक बनाए रखना चाहिए-** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया हिंसा, सशस्त्र संघर्ष और मानवीय संकट से जूझ रही है, महात्मा गांधी के सिद्धांतों को विश्व में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शक बनाए रखना चाहिए। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में एक सादे समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ संयुक्त रूप से महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। भारत ने प्रतिष्ठित शिल्पकार पद्मश्री से सम्मानित रामसुतार द्वारा बनायी गयी यह आवक्ष प्रतिमा संयुक्त राष्ट्र को उपहार स्वरूप दी है। रामसुतार ने ही गुजरात में स्थापित सरकार वल्लभ भाई पटेल की 'स्टैचू ऑफ यूनिटी' डिजाइन की है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महात्मा गांधी की यह पहली प्रतिमा है।

## ऑनलाइन गेमिंग, कसीनों पर गठित मंत्री समूह ने वित्त मंत्री को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की बैठक से पहले ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर कराधान के बारे में विचार करने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्री को सौंप दी है। इस मंत्री समूह का गठन जीएसटी परिषद ने किया है। मंत्री समूह के चेयरमैन और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने ट्वीट कर गुरुवार को यह जानकारी दी।

संगमा ने ट्विटर पर लिखा है, ह्यह्यऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर जीओएम की दूसरी रिपोर्ट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आज सौंप दी गई है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।